| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,530.74 |
| निफ्टी | ~ | 25,062.10 |
| सोना | ~ | 86100 |
| चांदी | ~ | 97,000 |
| डॉलर | ~ | 85.54 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 18 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 06 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 232
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### उपद्रव में शामिल 50 पर आरोप तय

संभल। संभल हिंसा के 50 उपद्रवियों पर न्यायालय में आरोप तय हो गए हैं। अब ट्रायल शुरू होगा। इस मामले में आरोपियों की ओर से चार-पांच अधिवक्ताओं ने न्यायालय में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया और डिस्चार्ज किए जाने के लिए बहस की। जिस पर अभियोजन ने अपने तर्क देकर विरोध किया। जिस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र खारिज कर दिए। बता दें कि 24 नवंबर 2024 की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी। इस मामले में पुलिस की ओर से कई मुकदमे दर्ज किए गए।

### एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश

रुद्रपुर। उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे- पायलट, डॉक्टर और नर्स। तीनों सुरक्षित हैं। बताया जा रहा कि हेलिकॉप्टर ऋषिकेश एम्स से मरीज लेने केदारनाथ आ रहा था। लैंडिंग से वक्त अचानक बेकाबू होकर जमीन पर गिर गया। हादसा हेलिकॉप्टर का टेल बान टूटने से हुआ। संजीवनी एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर एक मरीज को लेने के लिए केदारनाथ गया था। मरीज को एयर एंबुलेंस से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया जाना था, लेकिन हेलीपैड से कुछ दूर पहले ही हेलिकॉप्टर में कोई दिक्कत आने की वजह से उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

### सैकड़ों बांग्लादेशी-रोहिंग्या पकड़ाए

जयपुर। बांग्लादेश और रोहिंग्या से आए लोगों का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। इन लोगों ने राजस्थान के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र तक बनवा लिया। इनके पास से ऐसे दस्तावेज बड़े पैमाने में मिल हैं। ये दस्तावेज गलत तरीके से बनाए गए हैं। ऐसे एक हजार से अधिक बांग्लादेशी-रोहिंग्या को पकड़ा गया है। इनको प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 24 से अलग शेल्टर होम में रखा गया है। इनको विशेष विमान से पश्चिम बंगाल भेजा जाएगा। वहां से बांग्लादेश और म्यांमार के लिए रवाना किया जाएगा।

### जासूसी के आरोप में महिला यूट्यूबर गिरफ्तार

चंडीगढ़। हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने



वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं। ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती है। ज्योति ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन में गई थी। वहां उसकी मुलाकात अहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। उसने दानिश का मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों की बातें होने लगी। उसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी।

ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने उसके घूमने फिरने और रहने का प्रबंध किया। अली अहवान ने पाकिस्तानी इंटेलीजेंस तथा सिक्योरिटी के अधिकारियों से उसकी मुलाकात कराई।

# दिल्ली में तेज आंधी और बारिश से तबाही, मेट्रो की छत उड़ी

## कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, तीन मौतें, कई घायल

**नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड मेट्रो के न्यू अशोकनगर स्टेशन की छत उड़ गई। तेज आंधी में मेट्रो की छत पर मौजूद टीन दूर-दूर तक उड़ गए। कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। वहीं सेंट्रल दिल्ली के नबी करीम इलाके के आराकसा रोड में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई। इसके मलबे में दबने से 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए।**



नबी करीम इलाके में दीवार गिरने की सूचना पर स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद यहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान मलबे के नीचे से दो लोगों के शव मिले। जबकि 4 लोग घायल मिले। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार यहां यह एक थ्री साइड होटल बन रहा था। जिसके बेसमेंट में निर्माण कार्य चल रहा था। आज अचानक आई भीषण आंधी और बारिश के चलते अचानक बेसमेंट की दीवार गिर गई, जिसमें 6 लोग दब गए और दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को रेस्क्यू कर लिया है। घायलों का इलाज जारी है।

नबी करीम के अलावा दिल्ली के अशोक नगर से भी आंधी के कारण क्षति की सूचना सामने आई है। शनिवार शाम आई तेज बारिश में नमो भारत के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन को भारी नुकसान पहुंचा है। आंधी में मेट्रो स्टेशन की छत के परखच्चे उड़ गए हैं। जो दूर-दूर तक जा गिरा है। गरीमत रही कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और स्टेशन की मेंटेनेंस करने वाली टीम मौके पर पहुंच गई है और राहत बचाव कार्य चल रहा है। स्टेशन की छत के मलवे को इकट्ठा किया जा रहा है। एहतियात के तौर पर न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया तेज आंधी की वजह से न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन की छत के ऊपर लगा टीन का सेट उड़ गया। जो काफी दूर-दूर तक उड़ गया। आसपास मौजूद लोग किसी तरीके से भाग कर अपनी जान बचाई। न्यू अशोक नगर स्टेशन पर छत उड़ने के कारण स्टेशन को बंद दिया गया है।

इसके अलावा कनॉट प्लेस इलाके में कई पेड़ गिर गए। इसमें कई कार व वाहन पेड़ के नीचे दब गए। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर बाद दिल्ली में करीब 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया, कई पेड़ गिए गए।

मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक शहर में लगभग एक मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए।

# दुनिया आपको तभी सुनती है जब आपके पास शक्ति होः मोहन भागवत

जयपुर। पाकिस्तान से हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया आपको तभी सुनती है जब आपके पास शक्ति हो। शनिवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने उक्त बातें कही। उन्होंने यह भी कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन देश है। उसकी भूमिका बड़े भाई की है। भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए कार्य कर रहा है। आरएसएस के सरसंघचालक शनिवार को जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में बोल रहे थे।



कार्यक्रम में आरएसएस चीफ डॉ। मोहन भागवत ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही हैं। भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है लेकिन इसके लिए भी शक्ति की आवश्यकता होती है।

पाकिस्तान पर हालिया कार्रवाई की चर्चा करते हुए कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनता है जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है। इस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। और हमारी ताक़त विश्व ने देखी है।

# सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब और हरियाणा से पाकिस्तान के 6 जासूस पकड़े, इनमें से एक महिला यूट्यूबर

नई दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब और हरियाणा से छह जासूसों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। यह लोग हरियाणा के कैथल, हिसार, नूह और पानीपत के साथ ही पंजाब के मलेरकोटला से पकड़े गए हैं। इन लोगों पर भारत की गोपनीय सैन्-?य जानकारियां पाकिस्-?तान को भेजने का आरोप है।

भारत सरकार ने पिछले दिनों पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारी दानिश को 24 घंटों में भारत छोड़ने का आदेश दिया था। दानिश के इशारे पर काम कर रहे कुल 6 पाकिस्तानी जासूसों को अब तक पंजाब के मलेरकोटला और हरियाणा से गिरफ्तार किया जा चुका है। यह सभी लोग दानिश के संपर्क में थे।

सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान को भारत की गोपनीय सैन्य जानकारियां भेजने के आरोप में हरियाणा के हिसार से महिला यूट्यूबर ज्योति मल-?होत्रा को गिरफ्तार किया है। महिला यूट्यूबर साल 2023 में अपने ट्रैवल चैनल ट्रैवल विद जो के शूट के सिलसिले में पाकिस्तान गई थी, जहां पर पाकिस्तान एंबेसी के एक अधिकारी के कहने पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में आई और उसके बाद से लगातार भारत विरोधी जानकारियां पाकिस्तान को भेज रही थी। इस मामले में ज-?योति से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। ज-?योति ने पूछताछ में बताया कि मैं 2023 में पाकिस्तान के वीजा के लिए दिल-?ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी, जहां मेरी मुलाकात अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई थी। मैंने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की, जहां मैं दानिश के कहने पर उसके जानकार अली अहवान से मिली थी, जहां अली ने मेरे रुकने और घूमने-फिरने का प्रबंध किया था। पाकिस्तान में अली अहवान ने मेरी पाकिस्तानी सिक-?योरिटी और इंटेलीजेंस अधिकारियों से मुलाकात करवाई थी। वहीं पर मैं शाकिर और राणा शहबाज से भी मिली थी। मैंने शाकिर का मोबाईल नंबर ले लिया और मेरे मोबाइल में शाकिर का नम्बर जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया, जिससे किसी को शक न हो। इसके बाद मैं भारत वापस आ गई।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सम्मान समारोह में सीजेआई गवई बोले-

# जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुडऩे से बचना चाहिए।

सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डॉ. बी आर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया।

# नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने की फिराक में आतंकी

## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर हाई अलर्ट, स्लीपर सेल के सदस्यों को पहचानना मुश्किल

किशनगंज/सुपौल। भारत-पाक तनाव के बीच खुफिया विभाग की ओर से आतंकी घुसपैठ का अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल के रास्ते बिहार में आतंकी घुसपैठ की कोशिश में हैं। इसकी सूचना मिलते ही भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ी दी गई है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, बांग्लादेश और पाकिस्तान से जुड़े 10 से ज्यादा आतंकी किशनगंज के ठाकुरगंज के रास्ते बिहार में घुसने की फिराक में हैं। यह संदिग्ध आतंकी ग्रुप बांग्लादेश के जमात-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल जिहाद अल-इस्लामी और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

इस अलर्ट के बाद बिहार के सीमावर्ती जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई हैं। सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने किशनगंज, सुपौल, किशनगंज, अररिया और सीतामढ़ी में गश्त बढ़ा दी है। वीरपुर, निर्मली और कोसी नदी के दियारा



क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी गई है।

### स्लीपर सेल के खिलाफ कार्रवाई शुरू

किशनगंज एसपी सागर कुमार ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों की चौकियां अलर्ट पर हैं। सुरक्षा कर्मियों को सादे कपड़ों में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर तैनात किया गया है। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और धार्मिक स्थलों की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध स्थिति से निपटा जा सके। इसके अलावा, वाहनों की सघन चेकिंग और सीमा पर चेकिंग अभियान को बढ़ावा दिया गया है। सुपौल एसपी ने बताया कि स्लीपर सेल के आतंकवादी आम लोगों के बीच रहकर साधारण जीवन जीते हैं, जिससे उनका पहचानना बेहद मुश्किल हो जाता है। ये आतंकवादी अपने लक्ष्यों की पहचान करते हैं और हमले की तैयारी में जुटे रहते हैं। उनकी मदद करने वाले स्थानीय लोगों की पहचान करना भी एक चुनौती है।

### 3-4 दिन पहले मिला था इनपुट

सुपौल के एसपी शैशव यादव ने बताया कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने की फिराक में हैं। मैंने शुक्रवार शाम भीमनगर थाने का औचक निरीक्षण किया। गश्ती और रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी की भीमनगर बीओपी का भी दौरा किया।

### आतंकवाद के खिलाफ नेपाल भारत के साथ

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत को भरोसा दिलाया है कि नेपाल की जमीन का भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा।

# राहुल गांधी के मानहानि केस में सुनवाई टली, दो जून को होगी गवाही

सुलतानपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी काग्रेसी नेता राहुल गांधी के केस में शनिवार को गवाही नही हो सकी। परिवादी भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव बैंक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया बार के प्रस्ताव के कारण सुनवाई दो जून तक के लिए टल गई है। बीती तारीख पर कोतवाली देहात के पीताम्बरपुर निवासीअजय तिवारी की गवाही दर्ज की गई थी जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता केपी शुक्ल ने जिरह की थी परंतु जिरह पूरी नही हो सकी थी। मामले में शनिवार को परिवादी के गवाह से शेष जिरह होनी थी परंतु वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई दो जून तक टल गई। गौरतलब है कि बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी पर तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

## 13 आप पार्षदों ने दिया इस्तीफा, बागी नेताओं ने बनाई अपनी अलग पार्टी

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 13 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आम आदमी पार्टी से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे।





बागी पार्षदों ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि जनता से जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। 2022 में वे आम आदमी पार्टी के टिकट पर एमसीडी में पार्षद चुने गए थे। लेकिन एमसीडी की सत्ता में आने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने के शीर्ष नेतृत्व एमसीडी की सुचारू ढंग से नहीं चला पाया। जिन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया है उनमें हेमनचंद गोयल, दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन, उषा शर्मा, साहिब कुमार, राखी कुमार, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, अनिल राणा, देवेंद्र कुमार, हिमानी जैन का नाम शामिल है।

### पार्षद ने बनाई इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी

आप से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा कि हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है। पिछले 2.5 साल में निगम में कोई काम नहीं हुआ जो होना चाहिए था। हम सत्ता में थे, फिर भी हमने कुछ नहीं किया। हमने नई पार्टी बनाई है क्योंकि हमारी विचारधारा दिल्ली के विकास के लिए काम करना है। हम उस पार्टी का समर्थन करेंगे जो दिल्ली के विकास के लिए काम करेगी। अब तक 15 पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं। और भी शामिल हो सकते हैं।

## भारतीय सांसदों का डेलिगेशन पाक को दुनिया में करेगा बेनकाब

# अमेरिका में शशि थरूर, मुस्लिम देशों में रविशंकर...

नई दिल्ली। विपक्षी दलों और सत्तारूढ़ एनडीए के सात नेताओं वाला एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए कई देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए



भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेगा। वे दुनिया के सामने आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता के देश के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे।

जो सांसद विदेशी दौरों पर सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करेंगे उनमें चार सत्तारूढ़ एनडीए से हैं, जबकि तीन विपक्षी दलों से हैं। इन सांसदों के नाम हैं- कांग्रेस के शशि थरूर, बीजेपी के रवि शंकर प्रसाद, जेडीयू के संजय कुमार झा, बीजेपी के बैजयंत पांडा, डीएमके की कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपीएसपी की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल लगभग पांच देशों का दौरा कर सकता है। यह दौरा 23 मई से शुरू होकर 10 दिनों तक चलेगा। सूत्रों ने बताया कि रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाने की उम्मीद है, जबकि सुप्रिया सुले की सांसदों की टीम ओमान, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और मिस्त्र की यात्रा करेगी।

### ये नेता प्रतिनिधिमंडल का होंगे हिस्सा

संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया (सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश) का दौरा करने की संभावना है। अनुराग ठाकुर, अपराजिता सारंगी, मनीष तिवारी, असदुद्दीन ओवैसी, अमर सिंह, राजीव प्रताप रूडी, समिक भट्टाचार्य, बृज लाल, सरफराज अहमद, प्रियंका चतुर्वेदी, विक्रमजीत साहनी, सस्मित पात्रा और भुवनेश्वर कलिता सहित विभिन्न दलों के सांसद इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होंगे।

# अतिथि शिक्षकों को मिली राहत, दस्तावेज सत्यापन कार्य की बढ़ी तारीख

## उधर तारीख बढ़ते ही केंद्र से गायब हुई अतिथि शिक्षकों की भीड़, अब 23 तक रजिस्ट्रेशन और 24 मई तक करवा सकेंगे दस्तावेजों का सत्यापन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। सरकारी स्कूलों में पढाने का सपना देख रहे अतिथि शिक्षकों के लिए एक अच्छी खबर है। खबर है की शासन द्वारा अतिथि शिक्षक के दस्तावेज सत्यापन के कार्य की तिथि को, एक बार फिर से बढ़ा दिया गया है। जहां शासन द्वारा दस्तावेज सत्यापन के इस कार्य के लिए आने वाली विभिन्न परेशानियों और विभिन्न कारणों के चलते सत्यापन न होने की अतिथि शिक्षकों से मिली शिकायतो को देखते हुए। दस्तावेज सत्यापन की तारीख बढ़ा दी गई है। जहां शासन द्वारा दस्तावेज सत्यापन की यह तारीख 17 मई से बढ़कर 24 मई तक कर दी गई है जिसमें 23 मई तक रजिस्ट्रेशन करने और 24 मई तक संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कराए जाने के नए निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिससे सत्यापन कार्य के लिए केंद्र पहुंचकर रोजाना परेशान हो रहे अतिथि शिक्षकों को भारी राहत मिल गई है। लेकिन सत्यापन की तारीख बढ़ते ही अब केंद्र में अतिथि शिक्षक सत्यापन कार्य के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार रोजाना सैकड़ों की संख्या पहुंचने वाले अतिथि शिक्षकों की जगह सत्यापन कार्य के लिए शनिवार को महज 30 से 35 अतिथि शिक्षक केंद्र पहुंचे है। बताया जा रहा है कि अब बढ़ाई गई नई तारीखों के अंत में पुनः एक बार फिर से अतिथि शिक्षकों की भीड़ केंद्रों में जुटेगी और उन्हें फिर से परेशान होना पड़ेगा।



### अतिथि शिक्षकों को सता रहा था बेरोजगार होने का डर

रजिस्ट्रेशन और दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होने से परेशान अतिथि शिक्षकों को लोक शिक्षण संचनालय ने राहत प्रदान की है। पहले रजिस्ट्रेशन और दस्तवेजों के सत्यापन की अंतिम तिथि 17 मई रखी गई थी। कभी सर्वर प्राब्लम, कर्मचारियों और कम्पयूटर ऑपरेटरों कमी सहित अन्य समस्याएं आने से अधिकांश अतिथि शिक्षकों का सत्यापन कार्य नहीं हो पाया था। वहीं संकुल केन्द्रों में भारी संख्या में अतिथि शिक्षकों की भीड़ लग रही थी। अतिथि शिक्षकों को भी बेरोजगार होने का भय सता रहा था। लेकिन अब वरिष्ट स्तर से अंतिम तिथि 23 व 24 मई तक बढ़ा दी गई है। अतिथि शिक्षकों ने राहत की सांस ली।

### अब व्यवस्था बनाई तो अतिथि शिक्षक नही पहुचे केंद्र

एक ओर शासन स्तर से दस्तावेज रजिस्ट्रेशन और सत्यापन की तारीख बढ़ाकर अतिथि शिक्षकों को बड़ी राहत प्रदान की गई है तो वही तारीख आगे बढ़ने से केंद्रों में पहुंचने वाली अतिथि शिक्षकों की भीड़ मानो गायब सी हो गई है ।बात अगर नगर के उत्कृष्ट विद्यालय की करें तो इस केंद्र में रोजाना भारी संख्या में अतिथि शिक्षक पहुंचकर व्यवस्था ना होने पर हंगामा मचा रहे थे ।जहां सत्यापन कर्ताओ और कंप्यूटर ऑपरेटर की संख्या कम होने पर एतराज जाता रहे थे ।वही लगातार उनकी संख्या बढाने की मांग कर रहे थे। जिनकी इस मांग को देखते हुए जब विद्यालय प्रबंधन ने अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था कर सत्यापन कार्य शुरू किया तो अब सत्यापन कराने के लिए अतिथि शिक्षक ही केंद्र नहीं पहुंचे बताया गया कि शहर के उत्कृष्ट स्कूल में सैकड़ों की संख्या में पहुंचने वाले अतिथि शिक्षकों की संख्या में कमी देखी गई। अब आराम से अतिथि शिक्षक अपना रजिस्ट्रशन और सत्यापन करवा सकते हैं। शनिवार को करीब 35 अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य किया गया।

### पहले 17 मई थी अंतिम तिथि

बता दें कि पिछले दिनों लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन के आदेश जारी किए गए थे। इस कार्य के लिए जिले के सभी संकुलों में अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था बनाई गई। 06 से 17 मई तक अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन होना था। लेकिन इस प्रक्रिया में अब तक करीब 135 से 140 अतिथि शिक्षकों के ही दस्तावेजों का सत्यापन हो सका था। जबकि भारी संख्या में अतिथि शिक्षक दस्तावेज सत्यापन की राह तक रहे हैं। अंतिम तारीख 17 मई बताई थी। इस कारण संकुलों में भारी संख्या में अतिथि शिक्षक दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंच रह रहे थे। कई तरह की समस्याएं आने के कारण सत्यापन कार्य नहीं हो पा रहा था।

### परेशान हो रहे थे अतिथि शिक्षक

अतिथि शिक्षकों के अनुसार दस्तावेज सत्यापन की 17 मई अंतिम तारीख थी। यदि शासन से दस्तावेज सत्यापन की तारीख नहीं बढ़ाई जाती तो जिले के कई अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाता। वे विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं नहीं दे पाते ।उन्हें बेरोजगार होने का डर भी सता रहा था।

### समय पूर्व करवाएं सत्यापन कार्य- ज्योतिषि

उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य शरद ज्योतिषि ने तारीख बढने् की जानकारी देते हुए बताया कि अब रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 23 व दस्तावेज सत्यापन की तारीख 24 मई तक बढ़ा दी गई है। अतिथि शिक्षक अंतिम तारीख पूर्व यहां आकर दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकते हैं। उनके संकुल में अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था कर चार काउंटर पर दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था बना दी गई है। अवकाश पर गए शिक्षको को वापस बुलाया गया है। वहीं निजी कम्प्यूटर ऑपरेटरों से भी सेवाएं ली जा रही है। ताकि भीड़ न लगे और समय पर सत्यापन कार्य हो। उन्होंने सभी अतिथि शिक्षकों से अंतिम तारीख की राह न देखते हुए पहले की काम पूर्ण करवा लिए जाने की अपील की है।

# गर्भवती महिला के घर घुसकर की गई मारपीट

## सहारा इंडिया कम्पनी के पैसों से जुड़ा है मामला, पीड़ित महिला और पड़ोसियों ने एसपी कार्यालय में सौपा ज्ञापन, बैहर पुलिस पर लगाया कार्यवाही ना करने का आरोप

बालाघाट( पदमेश न्यूज ) । बैहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडेरी में घर पर अकेली एक गर्भवती महिला के घर में घुसकर उसके साथ गाली-गलौज



कर मारपीट किए जाने का एक मामला सामने आया है ।जिसमें ग्राम भंडेरी निवासी 28 वर्षीय गर्भवती महिला रश्मि पति संजू कौसल ने गांव के ही एक व्यक्ति और उसके अन्य दो साथियों पर घर में घुसकर गाली गलौज कर बाल पकड़ कर घसीटने, उनके साथ मारपीट कर, उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पीड़ित गर्भवती महिला ने अपने आस पड़ोस की महिलाओं को साथ लेकर शनिवार को एसपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौपकर की है ।जिसमें उन्होंने बैहर थाना पुलिस पर उनकी शिकायत दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए गर्भवती महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही करने और मामले में लिप्त सभी आरोपियों को कडी से कड़ी सजा दिलाये जाने  की मांग की है।

### सहारा इंडिया के पैसों से जुड़ा है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार भंड़ेरी निवासी पीडित रश्मि कौसल के पति पूर्व में सहारा इंडिया कंपनी में एजेंट का काम करते थे। उन्होंने गांव के ही एक किराना दुकान व्यवसायी को सहारा माइनर योजना के तहत 37- 37हजार रु की दो पॉलिसी दी थी। लेकिन बाद में कंपनी डूब गई और मामला कोर्ट में चला गया। जिसके चलते निवेशकों का पैसा फंसा हुआ है ।पीड़िता के अनुसार किराना दुकान व्यापारी सहारा में जमा पैसों की मांग को लेकर उसके पति संजू कौसल को आए दिन परेशान करता था। खेत खलियान चौक चौराहा में कई बार मारपीट की धमकी देता था। वहीं कई बार आरोपी ने उसके पति के साथ इस पैसों के लिए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिसके चलते उसके पति संजू ने अपनी दैनिक आवश्यकताओं के अवरुद्ध 35000 रुपए की रकम एग्रीमेंट बनाकर किराना व्यवसायी को वापस कर दी थी। लेकिन आरोपी बचे हुए पैसों के लिए उसे और उसके परिवार को परेशान कर रहा है।

### 15 मई की घटना पर पुलिस ने नहीं लिया एक्शन

पीड़ित महिला रश्मि ने बताया कि वह 07 माह की गर्भवती है। 15 मई की शाम वह घर पर अकेली थी जबकि उनके पति किसी काम से घर से बाहर थे ।तभी उक्त किराना दुकान संचालक अपने दो अन्य साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा। जिसपर रश्मि ने उन्हें बाद में आने की बात कही लेकिन वह नहीं माने और जबरन घर में घुसकर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे ।वही बाल पड़कर उसे घसीटा गया और पति-पत्नी दोनों को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जिसकी शिकायत उन्होंने आसपास की महिलाओं के साथ मिलकर बैहर थाने में आवेदन देकर दर्ज करानी चाही लेकिन बैहर पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध किसी प्रकार का एक्शन नहीं लिया ।जिसके चलते हुए आस पड़ोस की महिलाओं के साथ एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपने आए हैं।

### मामले में की जाए वैधानिक कार्यवाही दिलाया जाए न्याय -रश्मि

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान गर्भवती महिला पीड़िता रश्मि कौसल ने बताया कि इस पूरे मामले में पुलिस से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। वही उनके और उनके पति को जान का खतरा बना हुआ है। कहीं कोई सुनवाई न होने के चलते वे आज पड़ोसी महिलाओं के साथ एसपी कार्यालय आई हैं ।हमारी मांग है कि आरोपी और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, मामले की निष्पक्ष जांच हो और सभी आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही कर हमें न्याय दिलाया जाए।

# महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी तोपेश को 2 वर्ष की कठोर कारावास और 3500 रुपए अर्थदंड

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । विद्वान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती नेहा ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। विद्वान अदालत ने आरोपी तोपेश पिता बस्तीराम भेरम ग्राम सिंगोड़ी थाना कटंगी निवासी को 2 वर्ष की कठोर कारावास के अलावा 2000 रुपये अर्थ दंड से भी दंडित किए हैं। अभियोजन के अनुसार 26 मई 2019 को पीडिता ने थाना कटंगी में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत की थी कि 25 मई 2019 की रात्रि 10:00 बजे वह अपने घर में थी तभी पड़ोसी तोपेश भेरम घर आया और पानी पीने के लिए मांगा तो उसने अपने घर के अंदर से पानी लाकर दी। इस समय तोपेश भेरम द्वारा उसे हाथ पकड़ कर खींचते हुए आंगन के पास बाथरूम में ले जाकर उसे अंदर बंद कर दिया और स्वयं भी अंदर हो गया और अंदर से ही दरवाजा बंद कर दिया था। उसके द्वारा जोर-जोर से आवाज लगाई गई तो उसका पति आया और पीडि़ता के द्वारा अंदर से दरवाजा खोला गया तो तोपेश भेरम झटका देकर भाग गया। इस पीडि़ता द्वारा की गई रिपोर्ट पर कटंगी पुलिस थाने में तोपेश भेरम के विरुद्ध धारा 354,456,323 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गयाऔर इस अपराध में तोपेश भेरम को गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पत्र कटंगी की अदालत में पेश किया गया था। यह प्रकरण हाल ही में विद्वान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती नेहा ठाकुर की कटंगी की अदालत में चला। जहां पर अभियोजन पक्षआरोपी तोपेश भेरम के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने आरोपी तोपेश भेरम को धारा 354 भादवि के तहत अपराध में 2 वर्ष का कठोर कारावास और 2 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 456 भादवि के तहत अपराध में 1 वर्ष का कठोर कारावास और 1 हजार रुपये अर्थदंड , धारा 323 भादवि के तहत अपराध में 6 माह का कठोर कारावास और 500 अर्थदंड से दंडित किये।

# ट्रांसपोर्ट कारोबारी के घर में हुई चोरी का चौथा आरोपी हुआ गिरफ्तार

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । बीते दिनों ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया था तो वही एक अन्य आरोपी फरार था , जिसमें पुलिस द्वारा फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है , जिसके पास से चोरी किए गए जेवर के साथ कुछ कैस भी पुलिस को मिला है। जबकि पुलिस को तीन आरोपियों के पास से उतना मसुरका प्राप्त नहीं हुआ था और पुलिस अन्य चौथे आरोपी की तलाश में थी, जिसे 17 मई को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दे कि 11 मई को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कारोबारी के सूने मकान में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने चौथे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपितों रेहान खान, पंकज पटले और जोहेब खान को गिरफ्तार किया था। इन आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस को उनके चौथे साथी सचिन उर्फ अंडा पिता अशोक चौहान तलाश थी। पुलिस ने सचिन के पास से ट्रांसपोर्ट कारोबारी के घर से चोरी हुए सोने के कुछ जेवर भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जांच अधिकारी एसआई नवीन पांडेय ने बताया कि कारोबारी अमरपाल सिंह गांधी और उनके केयरटेकर दीपक सोनवाने के घर हुई चोरी में इन्हीं चारों आरोपित शामिल थे। सचिन के पास से सोने का लाकेट, कान और नाक के जेवर बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इन जेवरों की कीमत 40 से 50 हजार रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने सचिन को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि 11 मई को देर रात सूने मकान से चोरी की घटना ने शहर में सनसनी फैला दी थी। इस घटना के बाद पुलिस की गश्ती पर भी लगातार सवाल उठ रहे थे, लेकिन निरीक्षक विजय राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने कम समय में चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता दर्ज की है।

# जमुनिया के वनग्राम कछार में बाघ की दहशत बरकरार

## आदम खोर बाघ के डर से पसरा रहता है सन्नाटा, गांव से बाघ को दूर भगाने फोड़ रहा पटाखे, 5 ट्रेप कैमरे और उड़नदस्ता के साथ विभाग कर रहा सर्चिंग

बालाघाट( पदमेश न्यूज ) । शुक्रवार को कटंगी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जमुनियां के वनग्राम कछार से लगे जंगल में एक आदमखोर बाघ ने तेंदुपत्ता तोड़ने गए युवक अनिल भलावी पर झाड़ियो से निकलकर हमला कर दिया था। जिससे युवक अनिल की मौत हो गई थी। जिसके बाद से गांव में दहशत का माहौल है और सन्नाटे जैसी स्थिति बनी हुई है ।उधर गांव में जगह जगह फटाखे फोड़कर, बाघ को गांव से दूर भगाने का प्रयास किया जा रहा है ।तो वही वन विभाग द्वारा बाघ को ट्रेस करने के लिए जगह जगह 5 ट्रेप कैमरे लगाए गए है। इसके अलावा ग्रामीणों के खौफ को कम करने के लिए वन विभाग के कर्मचारी गांव में गस्ती कर रहे ।वही उड़न दस्ते के साथ मिलकर विभाग द्वारा जंगल मे सर्चिंग की जा रही है ।वाबजूद इसके भी अब तक आदमखोर बाघ का पता नही चल सका है।



### तेंदूपत्ता तोड़ने गए अनिल का बाघ ने किया था शिकार

आपको बताए कि एक दिन पूर्व शुक्रवार को 33 वर्षीय युवक अनिल, गांव के कुछ लोगों के साथ, तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गया था। इस दौरान ही झाड़ियो से निकलकर बाघ ने अनिल पर हमला कर दिया और उसके कमर के नीचे के भाग को नोंच खाया था। घटना के बाद पुलिस और वन अमले ने शव बरामद कर, पोस्टमार्टम कराया और रात 8 बजे, उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव भी देखा गया लेकिन पुलिस और वनविभाग के अधिकारियो की समझाईश के बाद तनाव शांत पड़ गया ।लेकिन इस आदमखोर बाघ की दहशत अब भी बरकरार है ।जिससे लोग डरे सहमे रह रहे है। वही गाव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### बाघ को तलाश कर रहा वन विभाग

कटंगी परिक्षेत्र में एक पखवाड़े में बाघ के हमले से मौत की दो घटनाओ के बाद क्षेत्र के साथ ही वनग्राम कछार क्षेत्र में भी बाघ की मौजूदगी से लोग, घरो में कैद है। वही वनविभाग ने घटना के बाद बाघ की तलाश और पहचान के लिए जंगल के भीतर 5 ट्रेप कैमरे लगाए है और उड़नदस्ता के साथ ही गश्ती दल सर्च अभियान में जुटा है।

### वनग्राम कछार में रहते है 32 परिवार , सभी वनों पर निर्भर

प्राप्त जानकारी के अनुसार वनग्राम कछार में तकरीबन 32 परिवार रहते है, जिनके जीविकोपार्जन का साधन, वन पर ही निर्भर है। मुख्यालय से तकरीबन 80 किलोमीटर दूर, इस गांव तक पहुंचने के लिए कटंगी से आंबामाई के बाद दाहिने हाथ पर कच्चे रास्ते से गांव तक जाते है। जहां मूलभूत सुविधा में अब भी ग्रामीण नल-जल योजना के पानी से वंचित है। दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत जमुनियां सरपंच उमेश पटले ने बताया कि गांव में पत्थर होने से जलस्त्रोत नहीं मिल पा रहा है। हालांकि गांव में बिजली और सड़क की पूरी व्यवस्था है। सरपंच उमेश पटले बताते है कि घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है ग्रामीण डरे हुए है।

### लगातार गस्ती जारी है, बाघ को ट्रेस करने कैमरे लगाए है- चद्धार

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चद्धार ने बताया कि क्षेत्र में ट्रेप कैमरे और उड़नदस्ता की मदद से बाघ की लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा है। इसके अलावा आगामी 5-6 दिनों तक लगातार रात्रि में सघन गश्त की जाएगी। दिन में स्थानीय अमला, गांव और गांव के आसपास तैनात होकर गश्त कर रहा है। उन्होंने अभी, ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया है ।उन्होंने बताया कि नियमानुसार, वन्यप्राणी के हमले से मौत की घटना में मिलने वाली, विभागीय सहायता के लिए, मृतक अनिल के प्रकरण में कागजी कार्यवाही पूर्ण हो गई है और एक-दो दिनो में उसके परिजनों को सहायता राशि प्रदान कर दी जाएगी।

# जन्मजात ह्रदय रोग सीएचडी से पीड़ित मासूम, अब है स्वस्थ व तंदरुस्त

## 4 दिनों तक वेंटिलेटर, 7 दिनों तक ऑक्सीजन और 18 दिनों तक एसएनसीयू वार्ड में रहा भर्ती, एफबीएनसी गाइडलाइन के प्रबंधन एवं उपचार से नवजात शिशु को मिला नया जीवन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । जिले के विकासखण्ड परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम बघोली की निधि पीपल मोहने का नन्हा मासूम अब स्वस्थ व तंदुरुस्त है। बात 29 अप्रैल की है जब रात्रि करीब 9 बजे प्राइवेट नर्सिंग होम परसवाड़ा में सीजर द्वारा एक बालक का जन्म हुआ। सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन ने बताया कि बच्चे का समय से पहले जन्म हो जाने के कारण और बच्चे को सांस लेने में परेशानी होने की वजह से रात को ही जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। भर्ती के दौरान बच्चे का वजन 2 किलो था। जिसके चलते बच्चे को भर्ती के उपरांत सी-पेप मशीन में रखा गया तथा एफबीएनसी गाइड लाइन के द्वारा प्रबंधन एवं उपचार किया गया। उपचार के दौरान पता चला कि बच्चे को सीएचडी जन्म जात ह्रदय रोग भी है। जिससे कि बच्चे में सांस की समस्या बढ़ने लगी। जिस कारण उसे वेंटिलेटर मशीन पर रखा गया। बच्चे की स्थिति गंभीर थी इसलिए उसे 4 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। जिससे बच्चे की स्थिति में सुधार होने लगा और उसे नली से दुध दिया जाने लगा। सिविल सर्जन डॉ. जैन ने बताया कि कम समय में होने के कारण बच्चे के फेफड़े परिपक्व नहीं थे। जिस कारण उसे इंजेक्शन केफिन लगाया गया। वेंटिलेटर से हटने के बाद बच्चा लगातार 7 दिनों तक ऑक्सीजन पर रहने के बाद धीरे धीरे बच्चे की स्थिति में सुधार होने लगा एवं वह कटोरी चम्मच से दुध पीने लगा एवं बच्चा पूर्णत: स्वस्थ होने पर बच्चे को मॉ का दुध एवं के.एम.सी. केयर दी गई। लगभग 18 दिन तक बच्चा एसएनसीयू में भर्ती रहा। बच्चा पूरी तरीके स्वस्थ होने के उपरांत 16 मई को बच्चे को डिस्चार्ज किया गया है। डिस्चार्ज के समय बच्चे का वजन 1700 ग्राम हो गया था। बच्चे की आरओपी स्क्रीनिगं भी कि गई। सभी चिकित्सक एवं नर्सिगं स्टाफ के सतत प्रयास से नवजात मासूम को नया जीवन प्राप्त हुआ। इसमे सिविल सर्जन डॉ. जैन, डॉ. सुधा जैन तथा समस्त नर्सिंग आफिसर एसएनसीयू स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



**आवश्यकता है**

- वार्ड ब्वॉय - 01 पद
- नर्स - 01 पद

वेतन-योग्यतानुसार

सेठिया ऑई केयर एंड पैथोलॉजी

हनुमान चौक, बालाघाट

**विक्रय/किराये से देना है**

श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है

-संपर्क-

8817024586, 9201340520

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है, 25 वर्ष से कम उम्र के बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें। वेतन-12000+

मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक

संपर्क

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)

मो. 9201340520/7999613237

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# बेमौसम एक घण्टे की बारिश ने खोली नपा की पोल

## वार्ड नं 11 में जगह जगह देखा गया जल जमाव, नपा ने नही बनाई पक्की नाली, पानी निकासी की भी नही है व्यवस्था, वार्डवासियों को सता रहा बरसात का डर, पनप रहा आक्रोश

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। बीती रात हुई एक घण्टे की बे मौसम बारिश ने नगर के निचले इलाकों में रहने वाले लोगो की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।जहां नागरिक पानी निकासी की समस्या से सबसे ज्यादा परेशान देखे जा रहे हैं।जहा पक्की नालियों का निर्माण ना होने और पानी निकासी की व्यवस्था ना होने के चलते अभी से निचले इलाकों वाले वार्ड में जलजमाव की समस्या देखी जा रही है।जिससे वार्डवासियों में आगामी बरसात को लेकर डर सताने लगा है।वही वार्डवासियों का नपा के खिलाफ लगातार आक्रोश पनप रहा है।ताजा मामला नगर के वार्ड नं 11 का है।जहां के रहवासी, चाहते थे कि सालों से मिल रहे नाली निर्माण का आश्वासन पूरा हो जाए।ताकि भरी बरसात में उनके इलाको में पानी न भरे, लेकिन उनकी यह मांग वर्षो से अधूरी है।जिससे वार्ड में पानी निकासी की व्यवस्था नही बन पा रही है।वही वार्ड में जहा तहा जलजमाव देखने को मिल रहा है। वही कच्ची नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क से बह रहा है। जिसपर अपनी नाराजगी जताते हुए वार्डवासियो ने नाली निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने, और बरसात के पूर्व वार्डवासियों को पक्की नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी की सौगात दिए जाने की मांग की है**





### बरसात के पूर्व हालात ऐसे, तो बरसात में क्या होगा?

वार्ड नंबर 11 के हालात को देखते हुए ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि नगर पालिका ने इस वार्ड पर ध्यान दिया हो। क्योंकि यहां बरसों पुरानी समस्या का अब तक समाधान नहीं निकाला गया है।जहां सबसे अधिक समस्या पानी निकासी की बनी हुई है। ऐसा नहीं है कि वार्ड नंबर 11 में पहली बार पानी निकासी की समस्या देखी जा रही हो बल्कि प्रत्येक बरसात में अक्सर लोगों के घरों में बरसात का पानी घुसने की समस्या आती है और हर वर्ष नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों और विकास का दावा करने वाले पदाधिकारी द्वारा जनता को आश्वासन देकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने कहा जाता है।लेकिन नगर पालिका की कथनी और करनी में भारी अंतर नजर आ रहा है। शायद यही वजह है कि आज भी यहां पानी निकासी की व्यवस्था नहीं बन पाई है और हालात हद से ज्यादा बत्तर हो चुके हैं। वार्ड नंबर 11 में पानी निकासी की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात के पूर्व ही यहां सड़क में पानी भरा हुआ है और लोग इस सड़क में भरे गंदे पानी से आवागमन करने के लिए मजबूर है।इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी मानसून शुरू भी नहीं हुआ है और यहां सड़को में पानी भरने लगा है तो फिर बरसात में यहां का आलम क्या होगा। नपा ने मामले का संज्ञान लेकर तत्काल व्यवस्था बनानी चाहिए। ताकि वार्ड वासियों को वर्षो से लंबीत पानी निकासी की इस बरसो पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सके।

### महज एक घण्टे की बारिश में बिगड़े हालात

दरअसल, बीती रात्रि महज 1 घंटे की बारिश और ऊपरी रहवासी क्षेत्र के गंदे पानी की निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण नहीं होने से वार्ड क्रमांक 11 के रहवासी विजय सेन और आसपास निवासरत लोगों के घर के आसपास गंदा पानी जमा हो रहा है। जिससे रहवासियों को गंदे पानी से ना केवल परेशानी हो रही है बल्कि संक्रमण बीमारी का डर भी सता रहा है। जहा महज एक घंटे की बारिश ने एक बार फिर से नगरपालिका की पोल खोल कर रख दी है जहां पानी निकासी के इंतजाम किए जाने वाले नपा के सभी दावे एक बार फिर खोखले नजर आ रहे हैं।जिसे देखते हुए रहवासी पक्की नाली निर्माण की मांग कर रहे है।

### जल भराव की समस्या से नही मिल रही निजात

वार्डवासियों ने बताया कि सुविधाओं के नाम पर करोड़ो रुपयो का टैक्स वसूल करने वाली नगर पालिका न तो पर्याप्त नालियों व नालों का निर्माण करा पा रही है और ना ही पूर्व में बनाए गए नालों व नालियों की साफ सफाई करा पा रही है। जिसके चलते पूर्व की भांति वार्डवासियों में नपा के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है जो बरसात शुरू होने के पूर्व ही पानी की उचित निकासी व्यवस्था बनाए जाने के लिए पक्की नाली का निर्माण किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### कच्ची नाली खोदकर बनाई गई अस्थाई व्यवस्था

उधर वार्ड वासियों के लगातार बढ़ते जा रहे आक्रोश और वार्ड में नाली के गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत पर नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ,नपा इंजीनियर और स्वास्थ्य शाखा प्रभारी ने अन्य कर्मचारियों के साथ मौके स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जहां वार्ड वासियों से मिली शिकायत और मौका स्थल पर जल जमाव की समस्या को देखते हुए त्वरित निराकरण के लिए कच्ची नाली बनाने के निर्देश दिए है। वही आगामी समय में वार्डवासियों के आवेदन पर पक्की नाली का निर्माण किए जाने का भरोसा दिलाया है।

### हर कोई नाली निर्माण का भरोसा दिलाता है- विजय सेन

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्डवासी विजय सेन ने बताया कि 10 सालों से हर कोई नाली निर्माण का भरोसा दिलाता है लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं किया गया। नगरपालिका भी कोई ध्यान नहीं दे रही है। अभी यह हालत है तो आगामी बरसात में यहां की नाली के गंदे पानी की निकासी, रहवासी के लिए बड़ी समस्या बन जाएगी। हमारी मांग है की बरसात के पूर्व यहां पक्की नाली का निर्माण कार्य कराया जाए ताकि बरसात में यहां जल भराव की समस्या ना हो और आराम से पानी की निकासी हो जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो पिछले बार से अधिक इस वर्ष बरसात के समय समस्या देखने को मिलेगी।

### तो यह मोहल्ला तालाब बन जाएगा, हर घर में छाती भर पानी घुस जाएगा- लाखा

वही पूर्व पार्षद कुंवर सिंह लाखा ने बताया कि उनके वार्ड में पहले पानी निकासी की कोई समस्या नहीं थी।बस स्टैंड से होकर वार्ड में आने वाला पानी एक बड़े से खाली प्लाट में जमा होता था और वहां से सड़क पार करके पानी की निकासी की जाती थी लेकिन खाली प्लाट में पानी भरा होने के चलते नगरपालिका द्वारा प्लाट मलिक को नोटिस पर नोटिस भेजा जाता था। इसीलिए इस वर्ष प्लाट मालिक ने प्लांट में भरण कर दिया है। अब बस स्टैंड से होकर आने वाला पानी प्लाट में जमा नहीं हो रहा है और वह पानी लोगों के घरों और सड़कों में आकर जमा हो रहा है। जिससे काफी बदबू आ रही है और जहां-तहां गंदगी फैली हुई है।अभी वक्त है हमारी मांग है कि जल्द से जल्द बरसात के पूर्व पक्की नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाए । यदि ऐसा नहीं होता तो यह मोहल्ला तालाब बन जाएगा और हर घर में छाती भर पानी घुस जाएगा।

# 14 वर्षीय नाबालिक लड़की का अपहरण और दुष्कर्म

## एक आरोपी महाराष्ट्र चन्द्रपुर में पकड़ाया तो अपचारी बालक को लालबर्रा बकोड़ा में बस से अभिरक्षा में लिये, गिरफ्तार प्रमेश खान भेजा गया जिला जेल, अपचारी बालक गया बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली पुलिस ने एक 14 वर्षीय नाबालिक लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को चंद्रपुर महाराष्ट्र में गिरफ्तार किया तो वही एक अपचारी बालक को बालाघाट से बस में लालबर्रा जाते समय बकोडा में बस से अभिरक्षा में लिया गया ।गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद प्रमेश उर्फ परवेज शेख पिता रफीक शेख 20 वर्ष अंचलेश्वर चौक चंद्रपुर महाराष्ट्र निवासी है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है वहीं अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी भिजवा दिया गया है। यह अपचारी बालक लालबर्रा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह नाबालिक लड़की वारासिवनी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। इसके माता-पिता खेती किसानी करते हैं। और यह लड़की कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रही है। इस लड़की के रिश्तेदार भरवेली में है। जहा यह लड़की आना-जाना करती थी। मोहम्मद प्रमेश खान भरवेली में अपने परिवार के साथ रहकर आरो सप्लाई का काम करता था। यह नाबालिक लड़की 3 साल से प्रमेश खान को पहचानती है और दोनों की फोन पर बातचीत होते रहती थी। प्रमेश खान ने इस नाबालिग को लड़की को शादी करने का झांसा दिया था और प्रमेश खान ने भरवेली में इस नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म भी किया। 11 मई को 2:30 बजे यह लड़की अपने पिता और पड़ोसी के साथ मोटरसाइकिल में गर्रा आई थी। गर्रा में यह लड़की मोटरसाइकिल के पास खड़ी थी उसके पापा और पड़ोसी होटल में चाय पीने चले गए थे। तभी प्रमेश खान उसका दोस्त अपचारी बालक के साथ मोटरसाइकिल से आए और इस नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर बालाघाट घूम कर लाते हैं कहकर जबरदस्ती बालाघाट बस स्टैंड लेकर आये। जहां से प्रमेश खान ने इस लड़की को शादी का झांसा देकर अपने दोस्त अपचारी बालक के साथ नागपुर लेकर आया। नागपुर में यह अपचारी बालक जहा काम करता था उस ठेकेदार के पास रहने के लिए गए। रात्रि में मोहम्मद प्रमेश खान ने इस लड़की के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। दूसरे दिन प्रमेश खान ने मार्केट से कपड़े मंगलसूत्र व सिंदूर लेकर आया और इस लड़की को मंदिर में ले जाकर उसकी मांग में सिंदूर भरकर मंगलसूत्र पहनाकर शादी कर लिया। इधर कोतवाली पुलिस को खबर मिली कि प्रमेश खान ने अपने दोस्त अपचारी बालक के साथ इस नाबालिक का अपहरण कर उसे जबरदस्ती ट्रेन में नागपुर ले जाकर एक किराए के कमरे में रखा हुआ है। इस सूचना पर उप निरीक्षक किरण वरकड़े एवं पुलिस टीम द्वारा इस नाबालिक लड़की को नागपुर में दस्तयाब किये और इस नाबालिग लड़की से पूछताछ करने के बाद मोहम्मद प्रमेश खान और उसके दोस्त अपचारी बालक के विरुद्ध अपहरण और दुष्कर्म के इस मामले में धारा 137(2),64(2)(एम),65(1),96 भारतीय न्याय संहिता 2023 धारा 3/4,5(1)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं धारा 3(1)(2)(i), 3(1) (2)(ii), 3(2)(1) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का इजाफा किया गया। अपराध दर्ज होने के बाद मोहम्मद प्रमेश खान और उसके दोस्त अपचारी बालक की तलाश शुरू की गई। कॉल डिटेल निकालने पर मोहम्मद प्रमेश खान का लोकेशन चंद्रपुर के ताड़बन में मिला। 15 मई की रात्रि में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय राजपूत के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दीपसिंह परमार और उनकी पुलिस टीम को चंद्रपुर रवाना किया गया और 16 मई को सुबह मिले लोकेशन के आधार पर प्रमेश खान को चन्द्रपुर के ताड़बन मैं पकड़े, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपने दोस्त अपचारी बालक को बस में अपने गांव जाने के के संबंध में बताया। इसके बाद इस पुलिस टीम ने इस अपचारी बालक को लालबर्रा के बकोड़ा में बस से अभिरक्षा में लिए। इस मामले में दोनो को गिरफ्तार किया गया।17 मई को कोतवाली पुलिस ने मोहम्मद प्रमेश खान को बालाघाट की विशेष अदालत में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी भिजवा दिया गया है।



### आरोपियों को पकड़ने में इनकी रही सराहनीय भूमिका

नाबालिक का अपहरण और दुष्कर्म करने के इस मामले में एक अपचारी बालक सहित दो आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक दीप सिंह परमार, उप निरीक्षक किरण वरकड़े, प्रधान आरक्षक राहुल गौतम, प्रधान आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक प्रियांक श्रीवास, आरक्षक शेख शहजाद एवं साइबर सेल के प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल, आरक्षक प्रदीप पुट्ठे और आरक्षक जय भगत कि सराहनीय भूमिका रही।

# गोंदिया से कटंगी के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों के साथ लंबे रूट की ट्रेने लगातार हो रही लेट

## यात्रियों को रेलवे स्टेशन में करना पड़ रहा घंटों इंतजार ,अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे समय पर यात्री

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। गोंदिया से होते हुए बालाघाट और कटंगी के बीच चलने वाली लोकल पैसेंजर ट्रेन के साथ बालाघाट से होकर गुजरने वाली लंबे रूट की ट्रेने लगातार लेट होते जा रही है। जिससे इन ट्रेनों में सफर करने वाले अधिकतर स्कूल, कॉलेज और अन्य कार्यों से जाने वाले यात्री लगातार अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लेट होते जा रहे हैं। उन्हें रेलवे स्टेशनों में दो से तीन-तीन घंटे लगातार अपना समय बिताना पड़ रहा है। जिससे उन्हें अच्छी खासी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। जबकि इस पूरे विषय को लेकर जब हमने पैसेंजर ट्रेन की लेट लथिपी पर जानकारी पता कि तो पता चला कि इस ट्रैक पर अधिक मालगाड़ी चलने की वजह से यह पैसेंजर ट्रेन लगातार लेट होते जा रही है और स्कूल कॉलेज जाने आने वाले छात्र-छात्राओं को इन दिनों अपने घर जाने के लिए घंटो समय रेलवे स्टेशनों में बिताना पड़ रहा है।**



आपको बता दे कि सुगम, सरल और सहज यात्रा के लिए ट्रेन का सफर सबसे बेहतर माना जाता है, लेकिन ये बात बालाघाट से होकर गुजरने वालीं ट्रेनों पर लागू नहीं होती, क्योंकि लंबे समय से ट्रेनों के देरी से चलने का सिलसिला आज भी कायम है। शनिवार को ऐसा ही नजारा, तब देखने में आया, जब बालाघाट रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्री गोंदिया, नागपुर जाने के लिए रीवा-इतवारी ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इस ट्रेन का बालाघाट स्टेशन पहुंचने का समय दोपहर ढाई बजे है, लेकिन साढ़े चार बजे तक ट्रेन स्टेशन नहीं पहुंची। एक तरफ ट्रेन की लेटलतीफी, उस पर तेज गर्मी के सितम ने यात्रियों को बेहाल कर दिया। रेलवे की अव्यवस्थाओं से नाराज कई यात्रियों ने तो इसके लिए जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया और उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। कहा कि ट्रेन की सेवा जनता की सुविधा के लिए बनाई गई है, लेकिन स्थिति यह है कि वही जनता इस व्यवस्था से परेशान है। बता दें कि बालाघाट से होकर गुजरने वालीं मैमू ट्रेनों की लेटलतीफी का मुद्दा लंबे समय से बना हुआ है, लेकिन इसे हर बार गोंदिया रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्य का हवाला देकर टाल दिया जाता है, लेकिन इसका खामियाजा यात्रियों को कभी गर्मी में परेशान होकर तो कभी अन्य ट्रेन के छूटने के रूप में भुगतना पड़ता है।

### पहले समय पर ट्रेनों का संचालन करें - डिलेश जामरे

ट्रेन के देर तक न पहुंचने और गर्मी से परेशान यात्रियों ने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि लोगों को बालाघाट से लंबी दूरी की ट्रेनें चलाने के सपने दिखाते हैं, लेकिन हमारा कहना है कि ये सपना बाद में दिखाना, सबसे पहले समय पर ट्रेनों का संचालन करें। डिलेश जामरे ने बताया कि उन्हें नागपुर जाना था। ट्रेन साढ़े चार बजे तक बालाघाट स्टेशन नहीं पहुंचीं। अगर और देर हुई, तो उन्हें आगे जाने के लिए कोई दूसरी ट्रेन नहीं मिलेगी। इससे वक्त की बर्बादी भी हो रही है, उस पर मानसिक रूप से परेशान भी होना पड़ रहा है।

### मालगाड़ियों को ज्यादा महत्व दिया जाता है - नारायण यादव

नारायण यादव ने बताया कि रेलवे यात्री ट्रेनों की तुलना में मालगाड़ियों को ज्यादा महत्व देता है, जो यात्रियों के साथ अन्याय है। यात्रियों का निवेदन है कि समय पर गाड़ी चलाएं। खासकर इस भीषण गर्मी के समय में गाड़ी समय पर स्टेशन पहुंचे और समय पर यहां से अगले स्टेशन के लिए रवाना हो।

### ट्रेने लगातार लेट हो रही है - साजिद परवेज

यात्री साजिद परवेज बताते हैं कि आज इतवारी ट्रेन 2:30 बजे बालाघाट पहुंचना था, किंतु 4:00 बजे तक भी ट्रेन बालाघाट नहीं पहुंची हैं । जबकि 2 घंटे से वह ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं पर ट्रेन नहीं आने की वजह से वह परेशान हो रहे है उनके समय पर काम नहीं हो पाएंगे। उन्होंने बताया कि नागपुर से बालाघाट के बीच का समय 4 घंटे का है किंतु आज 6 घंटे बीत जाने के बाद भी ट्रेन बालाघाट नहीं पहुंची है यहां के जनप्रतिनिधियों और नेता को इस विषय पर ध्यान देना चाहिये है उनका मानना है की ट्रेनिंग समय पर आना चाहिए जिस की जनता को परेशान ना होना पड़े उन्होंने यह भी बताया कि जहां एक और जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे के साथ घोषणा कर रहे हैं किंतु सबसे पहले जनप्रतिनिधियों को समय पर ट्रेन चलाने की पहले आवश्यकता है।

# लखनऊ बस घटना के बाद जिले में शुरू की गई बसों की विशेष चेकिंग

## जिले में चलने वाली लोकल सहित लम्बे रूट की बस में यातायात पुलिस को मिल रही कमीयाँ

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। लखनऊ में एक यात्री बस में अचानक आग लग जाने से पांच यात्री जिंदा जल गए थे, उस घटना को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा सतत जिले में चल रही लोकल सहित लंबे रूट वाली बसों को चेक करना शुरू कर दिया गया है, जिसमें यातायात पुलिस द्वारा बसों में अग्निशमन यंत्र फायर सेफ्टी ,मेडिकल किट बसों के फिटनेस सहित बसों का बीमा यातायात पुलिस द्वारा चेक किया जा रहा है, जिसमें अधिकतर बसों में फिटनेस सहित अग्निशमन यंत्र बसों में नहीं मिल रहे हैं, जिस पर यातायात पुलिस द्वारा यात्री बसों पर सतत चेकिंग के साथ चालानी कार्रवाई की जा रही है ।**



आपको बता दे कि अभी दो दिन पहले बिहार से लखनऊ जा रही स्लीपर बस में आग लगने से पांच यात्रियों के जिंदा जलने की घटना घटी थी उसी घटना को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित विभाग बसों को लेकर सक्रिय हो गया है और इन दिनों शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विशेष रूप से चेकिंग लगाकर अभियान चलाया जा रहा है, जबकि यातायात पुलिस द्वारा अभी दो दिन पहले ही बसों के अंदर सुरक्षा उपकरणों का अभाव दिखा था। शनिवार को लांजी मार्ग पर यातायात पुलिस के इस अभियान में एक बार फिर कमियाँ सामने आई है। यात्री बसों में न फर्स्टएड बाक्स है और न ही आगजनी की आपात स्थिति से निपटने के लिए नियमानुसार रखा जाने वाला अग्निशमन यंत्र है। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि शनिवार को लांजी मार्ग पर बसों की जांच में अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बाक्स जैसे मूलभूत सुरक्षा उपकरण नदारद मिले। कई बसों में फर्स्ट एड बाक्स तो मिले, लेकिन उसमें दवा या मलहम-पट्टी जैसे मेडिकल उपकरण ही नहीं थे।

### की जा रही है चालानी कार्यवाहीं

यातायात पुलिस ने शनिवार को लांजी मार्ग पर 25 से ज्यादा यात्री बसों की चेकिंग की। इसमें दस बसों में सुरक्षा उपकरण नहीं मिले। ऐसी 10 बसों से पुलिस ने आठ हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि शाम तक ये आंकड़ा और बढ़ सकता है। चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। यातायात पुलिस चेकिंग के साथ बस चालक और परिचालक को बसों में नियमानुसार सुरक्षा उपकरण रखकर परिवहन करने की समझाइश भी दे रहे हैं। हालांकि, पुलिस की इस समझाइश का कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है। आकाश ने बताया कि सुरक्षा उपकरणों के साथ बसों के दस्तावेज, परमिट, बीमा आदि की भी जांच की जा रही है।

### बसों में खराब पड़े हैं अग्निशमन यंत्र

बालाघाट जिला मुख्यालय से लालबर्रा, वारासिवनी, लांजी-किरनापुर, लामता-परसवाड़ा, बैहर-मलाजखंड मार्ग पर रोजाना 400 से अधिक बसों का परिवहन होता है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, जबलपुर जैसे बड़े शहरों के लिए भी बस स्टैंड से रोज 50 से ज्यादा बसें चलती हैं। कई बार जांच में भी ये बात सामने आई है कि अधिकतर बसों में या तो अग्निशमन यंत्र है ही नहीं और जिन बसों में ये रखे हैं, वो या तो खराब हैं या लंबे समय से बंद पड़े हैं। खास बात है कि आग लगने की स्थिति में इस यंत्र का उपयोग करना भी बस चालक या परिचालक को नहीं आता। इसे लेकर बस आपरेटरों या परिवहन विभाग द्वारा अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# चिलचिलाती गर्मी में परेशान हुए दिव्यांगजन, प्रशासन की व्यवस्था के प्रति जताई नाराजगी

## जनपद में दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण पंजीयन विशेष शिविर का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के निर्देश पर 17 मई को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। लेकिन इस शिविर में दुर-दराज से पहुंचे दिव्यांगजनों के लिए बैठने की व्यवस्था, पीने के लिए ठंडा पानी, कुलर, पंखे सहित अन्य व्यवस्था नही किये जाने से इस चिलचिलाती धुप व उमस गर्मी में दिव्यांगजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही कुछ दिव्यांग जनपद पंचायत परिसर स्थित पेड़ के छाव के नीचे व अन्य स्थान पर बैठे नजर आये तो वहीं पंजीयन करवाने के लिए भी टेबलों की संख्या कम रखी गई थी। जिसके बाद पंजीयन करवाने एवं चिकित्सकों से जांच करवाने में उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही प्रशासन के द्वारा शिविर में अ%छी व्यवस्था नही किये जाने के प्रति दिव्यांगजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण पंजीयन के लिए इस भीषण गर्मी में शिविर का आयोजन किया गया था। लेकिन दिव्यांगजनों के बैठने, पीने का ठंडा पानी, पंखे, छाव के लिए पंडाल, पंजीयन करवाने के लिए अ%छी सुविधा नही की गई थी। जिसके कारण सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा है और आगामी समय में जब भी दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित किया जाता है तो सभी व्यवस्था अ%छे से किये जाने की मांग की है। 17 मई को जनपद पंचायत में आयोजित दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण पंजीयन शिविर में 273 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। जिनका जिला चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण किया गया। जिसमें 230 दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र के लिए पंजीयन हुआ है एवं 55 का नवीनीकरण प्रमाण पत्र बनाया जायेगा और 175 का डिजिट नवीनीकरण प्रमाण पत्र के पंजीयन हुआ है। जिन्हे आगामी समय में दिव्यांगता का प्रमाण देने के साथ ही उपकरण एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

### 173 दिव्यांगजनों का हुआ पंजीयन

आपकों बता दे कि जनपद पंचायत लालबर्रा में न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा 17 मई को दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में लालबर्रा विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजन बड़ी संख्या में पंजीयन करवाने पहुंचे थे। लेकिन इस शिविर में दिव्यांगजनों के बैठने के लिए उत्तम व्यवस्था, पीने का पानी, बैठने के लिए कुर्सी व अन्य व्यवस्था जनपद पंचायत के द्वारा पर्याप्त माला में नही की गई थी। साथ ही भीड़ अधिक होने के कारण दिव्यांगजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और इस चिल्लाती धूप में दिव्यांग बाहर बैठकर अपने नंबर का इंतजार करते रहे और पीने के पानी के लिए भटकते रहे। इस तरह से प्रशासन के द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर में उत्तम व्यवस्था नहीं की गई थी। जबकि दिव्यांगजनों को देखते हुए छांव के लिए पंडाल लगाये जाने चाहिए थे, गर्मी से राहत मिल सके उसके लिए कुलर-पंखे लगाये जाने चाहिए थे, स्वल्पाहार सहित अन्य सुविधा होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नही होने के कारण दुर-दराज से आने वाले दिव्यांगजनों को इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा और प्रशासन की व्यवस्था के प्रति नाराजगी व्यक्त की है।

### दिव्यांगजनों को योजना का मिलेगा लाभ - आकाश

दूरभाष पर चर्चा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग लालबर्रा के समन्वयक आकाश बोकड़े ने बताया कि 17 मई को जनपद पंचायत लालबर्रा में दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 273 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनका जिला रोग विशेषज्ञों के द्वारा परीक्षण कर 230 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र का पंजीयन, 55 का नवीनीकरण प्रमाण पत्र के लिए पंजीयन हुआ है एवं 175 दिव्यांगजनों का डिजिटल प्रमाण पत्र के लिए पंजीयन किया गया है। श्री बोकडे ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए बैठने एवं गर्मी को देखते हुए पीने का ठंडा पानी सहित अन्य व्यवस्था की गई थी। साथ ही यह भी बताया कि तेज धुप लगने एवं एकाएक भीड़ बढ़ जाने के कारण कुछ परेशानी हुई है। लेकिन सभी दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पंजीयन किया गया है। जिन्हे आगामी समय में उपकरण एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विशेष जांच शिविर आयोजित




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, अर्बन पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष हेल्थ शिविर लगाए गए। इन शिविरों में जिले भर से करीब 2100 से अधिक मरीजों ने अपनी बीपी और शुगर की जांच करवाई और दवा का वितरण प्राप्त किया। इन शिविरों में मरीजों को उच्च रक्तचाप और शुगर से होने वाले विपरीत प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। मरीजों को बताया गया कि कैसे वे अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें नियमित जांच और उपचार के महत्व के बारे में बताया। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के साथ-साथ 17 मई से 16 जून तक जिले भर में जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा। इस जागरूकता माह की थीम अपने रक्तचाप की जांच करवाएं, इसे नियंत्रित करें, लम्बा जीवन जिएं राज्य स्तर से निर्धारित की गई है। इस दौरान गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग आदि की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जागरूकता माह के दौरान रैलियां, जनसंवाद कार्यक्रम, पंपलेट वितरण, पोस्टर्स, क्विज, प्रश्नमंच, व्याख्यानमाला, वेबिनार और स्लोगन प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने आमजनों से अपील की है कि वे अपने रक्तचाप की जांच करवाएं और इसे नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर जांच से उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है।

# नगर के खेल मैदान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी

## एथलेटिक्स, कबड्डी एवं अन्य खेल का छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी विद्यालय के खेल मैदान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर गत दिवस से एक माह का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी है और रोजाना शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक प्रशिक्षक विजेन्द्र उयके, लवकुमार नगपुरे एवं अन्य प्रशिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को कबड्डी, एथलेक्टिस एवं अन्य खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर से छात्र-छात्राओं का कौशल विकास होने के साथ ही खेल के प्रति रूची बढ़ेगी और यह खेल का प्रशिक्षण एक माह तक दिया जायेगा एवं छात्र-छात्राएं भी प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। चर्चा में खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लवकुमार नगपुरे ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालाघाट के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग के लिए विकासखण्ड लालबर्रा के सांदीपनी विद्यालय (हाई स्कूल) के खेल मैदान में गत दिवस से एक माह का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया है। साथ ही प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक ब्लाक के छात्र-छात्राओं को कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं का कौशल विकास होने के साथ ही खेल के प्रति रूची बढ़े और शासन की मंशा है कि स्कूली छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल की गतिविधियों में भी आगे बढ़ाना है इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और खिलाड़ी खेल के माध्यम से बड़ी-बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर जिले, प्रदेश व देश का नाम रौशन कर सकते है।

# लगते ही खराब हुआ ट्रांसफार्मर, ग्रामीणजन परेशान

## बेहरई के वार्ड नं. 5 का ट्रांसफार्मर खराब होने से तीन दिनों से अंधेरे में रात गुजार रहे ग्रामीणजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई के वार्ड नं. 5 में स्थित ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से तीन दिनों से ग्रामीणजन इस भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं। वही ग्रामीणजनों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग विद्युत विभाग से किया था। जिसके बाद विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार की शाम में खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था और तीनों वार्ड में बिजली सप्लाई प्रारंभ की गई थी। जिसके दो दिन बाद ग्रामीणजनों को बिजली की समस्या से निजात मिल गई थी और ग्रामीणजन खुश थे किन्तु नया ट्रांसफार्मर लगाने के कुछ देर बाद वह पुन: खराब हो चुका है। जिससे पुन: बेहरई के वार्ड नं. 3, 4 एवं 5 में बिजली गुल हो चुकी है। इस तरह से तीन दिनों से बेहरई के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 के निवासरत लोगों को इस भीषण गर्मी में अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। जिससे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वार्डवासियों ने विद्युत विभाग से अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाकर नियमित रूप से बिजली प्रदाय करने की मांग कर रहे है। आपकों बता दे कि ग्राम बेहरई के वार्ड नं. 5 में विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे वार्ड नं. 3, 4 एवं 5 में निवासरत लोगों के घरों में विद्युत कनेक्शन गया हुआ है और बिजली सप्लाई की जाती है। लेकिन गत दिवस वार्ड नं. 5 स्थित ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसके कारण दो दिनों तक वार्डवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी थी और इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे परेशान ग्रामीणजनों से विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किये थे। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार की शाम में खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया था जिससे कुछ निवासरत लोगों को बिजली सप्लाई भी की गई है परन्तु वह ट्रांसफार्मर भी शाम में खराब हो चुका है। जिसके बाद से पुन: वार्ड नं. 3, 4 एवं 5 में बिजली गुल हो चुकी है और ग्रामीणजन अंधेरे में है। इस तरह से तीन दिनों से बेहरई के वार्ड नं. 3, 4 एवं 5 के निवासरत लोग अंधेरे में जीवनयापन कर रहे है। साथ ही इस भीषण गर्मी में उन्हे खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और रात्रि में अंधेरे में रहने से जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने का डर बना हुआ है। इसलिए ग्रामीणजनों ने विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर जल्द लगाकर नियमित रूप से बिजली प्रदाय करने की मांग की है।

# सांदीपनी विद्यालय के कक्षा 10 वी, 12 वी के विद्यार्थियों को ऑन-जॉब का दिया जा रहा प्रशिक्षण

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रोजगार प्राप्त करने बच्चों को दी जा रही है जानकारियां






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी शासकीय विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थी जो व्यावसायिक पाठ्यक्रम (हेल्थ केयर) विषय लेकर पढ़ाई कर रहे है ऐसे विद्यार्थियों को ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका शुभारंभ गत 1 मई को किया गया और यह प्रशिक्षण 24 मई तक दिया जाना है। जिसमें व्यावसायिक पाठ्यक्रम (हेल्थ केयर) की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को लालबर्रा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राएं रोजाना अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में होने वाली स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी समस्त गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर रहे है। साथ ही चिकित्सकों के साथ मिलकर बीपी, सुगर जांच, दवाई वितरण, उपचार पर्ची बनाने सहित अन्य कार्य कर रहे है। वहीं चिकित्सकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को अस्पताल में होने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी देने के साथ ही मरीजों का उपचार करने के तौर तरीके के बारे में बताया जा रहा है जिससे वे स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त कर जागरूक बन सके और भविष्य में चिकित्सा से संबंधित पढ़ाई कर रोजगार प्राप्त कर सके। साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्वयं का व्यापार कर अपने आप को कैसे मजबूत कर सकते है उसके बारे में मार्गदर्शन दिया जा रहा है और छात्र-छात्राएं भी रूचि लेकर ऑन जॉब का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सांदीपनी विद्यालय लालबर्रा की व्यावसायिक शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी बोपचे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार लालबर्रा मुख्यालय के सांदीपनी विद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम जारी है जहां छात्र-छात्राओं को आईटी, हेल्थ केयर के विषय की पढ़ाई करवाई जाती है। शासन के निर्देश है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत (हेल्थ केयर) की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जाये। इसी निर्देश के परिपालन में गत 1 मई से 20 दिन का कक्षा 10 वीं. 12 वीं पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को वर्किंग के साथ कैसे जॉब करना है इसलिए उन्हे ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि 12 वीं उत्तीर्ण होने के बाद वे स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में स्वयं का व्यवसाय कर रोजगार प्राप्त कर सके इसलिए छात्र-छात्राओं को अस्पताल में होने वाली समस्त गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है कि किस तरह से चिकित्सक मरीजों का उपचार करते है, कौन सी दवाई देते है, किस तरह से जांच की जाती है उसके बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। जिससे उन्हे भविष्य में काम आयेगा और यह प्रशिक्षण 24 मई तक निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# उकवा प्रीमियर लीग-2025

## नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



उकवा(पद्मेश न्यूज)। मॉयल स्टेडियम उकवा में 10 मई से 16 मई उकवा प्रीमियम लिंक 2025 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र के नामी ऑनर ने खिलाडियो को आई पी एल की तर्ज पर खरीदा और शानदार प्लाइंग इलेवन की टीम तैयार किए, जिसमे लीग मैच के बाद फाइनल में फसीसी एवं रॉयल लॉ असेंबली 11 ने प्रवेश किया शानदार 10-10 ओवरों के फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फसीसी को केवल 80 रनो में रॉयल लॉ असेंबली 11 ने रोका और जवाब में बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरो में 74 रन बनाए और फसीसी ने 6 रनों जीत के साथ विजेता एवं प्रथम इनाम 31 हजार रुपये के साथ ट्राफी अपने नाम किया, वही रॉयल लॉ असेंबली उप विजेता रही व 21 हजार रुपये के साथ ट्राफी और वही बेस्ट बैट्समैन - राम विलास पांडे, बेस्ट बॉलर - आयुष शिव, बेस्ट फील्डर - संतु यादव, मन ऑफ़ दी सीरीज - राजेश रहाँगडाले से समानित किया। उप विजेता टीम को 21हजार रुपये एवं ट्रॉफी तपन (राजा)चौधरी द्वारा प्रदान किया गया एवं विजेता टीम को ट्रॉफी अनिरुद्ध सिंह चंदेल द्वारा प्रदान किया गया।टीमों में हिस्सेदारी रही सभी ऑनर-तपन(राजा)चौधरी,गौरव एडे,राजेश रहाँगडाले, डॉ. सौरभ उइके, अनवर खान, अनिरुद्ध सिंह चंदेल।

# अतिक्रमण हटाने गया प्रशासन बैरंग लौटा

## अतिक्रमणकर्ता के पक्ष में उतरे ग्रामीणजन किया विरोध दर्ज







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के वार्ड नंबर ८ चंदोरी स्थित रामप्रसाद पिता कल्लू कुंभरे के मकान का अतिक्रमण हटाने के लिए १७ मई को अधिकारी ,कर्मचारी और पुलिस बल के साथ पहुंचे जिन्हें बैरंग लौटना पड़ा। यह अतिक्रमण हटाने का आदेश वारासिवनी न्यायालय की प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड नेहा बाथरी की अदालत ने आदेश जारी किया था। मौके पर राजस्व विभाग नदारत रहा जिसके कारण अधिकारी मौका स्थल को समझने में असमर्थ दिखाई दिए। वहीं ग्रामीणों के द्वारा मौके पर अतिक्रमणकर्ता का साथ देते हुए पूर्वजों से उक्त मकान होना बताया गया। जहां दोनों पक्ष के बीच चर्चाओं का दौर चलता रहा और अंत में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी मौके से बैरंग लौटे।**

### यह है मामला

वार्ड नंबर ८ चंदोरी में नवल किशोर कुंभरे और रामप्रसाद कुंभरे पूर्वजों से निवास करते हैं। जहां पर उनके मकान के पास की जमीन अजहर कुरैशी के द्वारा कोई मालती बाई के पास से खरीदी गई थी। जिसमें अजहर कुरैशी के द्वारा कोर्ट में प्रकरण दायर किया गया था जो वारासिवनी न्यायालय में चल रहा था। जिसमें पूर्व में आदेश हो चुका था जिसके तहत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड नेहा बाथरी के द्वारा आदेश जारी किया गया कि १७ मई को कब्जा हटाकर अजहर कुरैशी को कब्जा दिलाया जायें। जिसके तहत न्यायालय नजीर आदेश वाहक एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर पटवारी के द्वारा उपस्थित होकर सामान्य तौर पर नाप दिया गया। वह वहां से निकल गया जिसके बाद जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण को तोड़ने का कार्य प्रारंभ किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर वह अतिक्रमणकर्ता के तरफसे प्रशासन से सवाल जवाब करते हुए नजर आए की यह मकान हमारे द्वारा पूर्वजों से देखा जा रहा है कि यह लोग यहीं रहते हैं। ऐसे में क्या हो गया और यह उनकी जमीन नहीं है तो आज तक यह लोग कहां थे वहीं पटवारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जहां पर शुरू में पटवारी १० मिनट बाद नाप कर नदारत हो गया था इस दौरान ग्रामीणों का काफी विरोध देखने को मिला। वहीं जेसीबी चालू करने पर ग्रामीणजन परिवार के साथ जेसीबी के सामने बैठ गए और विरोध करने लगे। जहां पर ग्रामीणों का विरोध एवं पटवारी की अनुपस्थिति को देखते हुए तत्काल न्यायालय के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा परिवार के लोगों से चर्चा की गई। जहां पर परिवार के लोगों के द्वारा न्यायालय के लोगों से समय मांगा गया। जिन्होंने लिखित में ४५ दिन मांगे इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर जेसीबी सहित पूरा अमला वापस हो गया।

### मुझे अतिक्रमण हटाने का कोई नोटिस नही मिला यह जमीन हमारी है-नितिन कुंभरे



पीड़ित नितिन कुंभरे ने बताया कि यह हमारे पूर्वजों की जमीन थी ८ डिसमिल जमीन है जिसमें दो डेसिमल कि हमारे पास रजिस्ट्री है बाकी पर हमारा कब्जा था। अब कोई मालती की यह जमीन बता रहे हैं कि उसे इन्होंने खरीदी है। इन लोगों ने आकर के बहुत पहले सीमांकन किया अब कैसा क्या है उनकी जानकारी मुझे नहीं है और ना ही मुझे इस कार्यवाही का नोटिस मिला है। अकेले इन लोगों ने क्या किया पता नहीं पटवारी जो बोलता है तो हम जब इतने वर्षों से यहां रह रहे हैं तो सरकार क्या कर रही थी। यह हमारी जमीन है इन्होने हमारा नंबर बदल दिया है अब वह ढाबे के पास बता रहे हैं। यह जो हो रहा है बहुत गलत है हमें न्याय मिलना चाहिए जमीन हमारी है। यह जमीन हमारी नहीं है तो इतने सालों से हमें क्यों रहने दिया सरकार ने क्यों हमें यहां पर मकान मिला हमारी पट्टा पावती सब यहीं की है।

### कई पीढ़ी से निवास कर रहे है-देवेंद्र राठौर



ग्रामीण देवेंद्र राठौर ने बताया कि यह अचानक जो हो रहा है ठीक नहीं है इस परिवार को हम तीन पीढ़ी से देख रहे हैं। यह यहीं पर रहते हैं और इनका निवास यहीं है अभिलेखों में इनका स्थान परिवर्तन कर दिया गया है न्यायालय को इस पर संज्ञान लेना चाहिए था। जबकि यह पटवारी रिकॉर्ड में बराबर दर्ज है यह जो हो रहा है गलत है ठीक नहीं है। न्याय करना चाहिए गरीबों के साथ पटवारी यहां पर आया और नाप कर भाग गया अब इन लोगों की जमीन का क्या। इनके पास भी तो पट्टा पावती हर चीज है जमीन के पेपर है जो हो रहा है वह ठीक नहीं है।

### इनका कहना है

मौके पर पटवारी आया था वह यहां से चला गया मौके पर वह रहा नहीं इसके बाद वाद विवाद हुआ। यह लोग आगे समय मांग रहे थे जिन्होंने लिखित में ४५ दिन मांगे हैं वर्तमान में अभाव को देखते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी गई है।

**सुनील डाखरे**
**आदेशिका वाहक न्यायालय**
**वारासिवनी**

# बकोड़ी के सर्वांगीण विकास के लिए हम है प्रतिबध्द-प्रदीप जायसवाल

## नवनिर्मित बकोड़ी हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत बक़ोड़ी में नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का लोकापर्ण पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,विधायक विवेक पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया । इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला, मिलिंद नगपुरे, सरपंच दिनेश डोहरे, प्राचार्य अरविंद यादव, संतोष आड़े, अंजीलाल पगरवार जं.प. सदस्य, पूर्व सरपंच भरतलाल डहारे सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहें। ग्राम पंचायत बकोड़ी में लंबे समय से हाई स्कूल भवन की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी ।इसी के चलते हाई स्कूल भवन के लिए शासन के द्वारा १ करोड़ ४७ लाख स्वीकृत किया गया था। नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का शनिवार को लोकापर्ण किया गया ।लोकापर्ण के लिए पहुंचे पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल एवं विधायक विवेक पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्कूल प्रबंधन सहित छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया । जिसके पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर हाई स्कूल भवन का लोकापर्ण किया।

### बकोड़ी स्कूल के चार छात्रों ने लिखा था पीएम मोदी को पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात से प्रभावित होकर इसी विद्यालय के चार बच्चों ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। जिस पर दिल्ली से जवाब भी आया था साथ ही मुख्य सचिव भोपाल को भी समस्या का समाधान करने दिशा निर्देश दिल्ली की ओर से दिये गये थे। इस विद्यालय में ग्राम बकोडी, पिपरिया, कन्हड़गांव सहित अन्य ग्रामो के विद्यार्थी इस नये सर्व सुविधायुक्त भवन में अध्ययन करेंगे।

### प्रदेश सरकार शिक्षा के विषय में नयी क्रांति ला रही है- प्रदीप जायसवाल

पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की बकोड़ी के सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबध्द है हमने पहले भी बकोड़ी से आकुटोला तक ६० लाख रुपये की सड़क बनायी है। साथ ही बकोड़ी आकुटोला से मोहगांव तक सड़क निर्माण के लिये हम प्रयासरत भी है। आज हमारे प्रयासों पर प्रदेश सरकार की मुहर शिक्षा के विषय में नयी क्रांति ला रही है। अब नए नए भवन की सुविधा के साथ बच्चो के परीक्षाफल भी उत्कृष्ट आ रहे है। श्री जायसवाल ने कहा की स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से शासकीय हाईस्कूल बकोड़ी के नए भवन की सौगात मिली थी। यह सौगात तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयास से सफल हुयी थी। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति १४ अगस्त २०२३ को १४७ लाख रुपये की मिली थी। २१ फरवरी २०२४ को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हस्ते इस बड़े कार्य का भूमिपूजन समारोह के साथ किया गया था।

# शिक्षा के क्षेत्र में पवार समाज मिल का पत्थर है- प्रदीप जायसवाल

## मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के परिसर में १७ मई को मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे की अध्यक्षता, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला पटले ,शैलेंद्र सेठी ,किशोर अमूले ,संदीप मिश्रा ,एसडीएम राजीव रंजन पांडे ,थाना प्रभारी हेमंत नायक सहित समस्त पार्षद जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित १२ स्कूलों के १५० से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई प्रमाण पत्र एवं स्मार्ट वॉच देकर पुरस्कृत किया गया एवं स्कूल प्राचार्य का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। वहीं उपस्थित जनों के द्वारा छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया वहीं बेहतर भविष्य के लिए तैयारी करने लक्ष्य का निर्धारण करने की बात कही गई। इस दौरान एसडीएम राजीव रंजन पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अच्छा कर रहे हो ऐसे ही मेहनत करते रहो जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करो और उसका पीछा करते रहो। परंतु आपकी सफलता में सोशल मीडिया एक बाधक है जिसे आप सकारात्मक उपयोग करें ।अपनी पढ़ाई अध्ययन शिक्षा के लिए उपयोग करें बाकी समय उससे दूर रहे। निश्चित आप आगे बढ़ोंगे यह जो आपने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया हैं यह अंत नहीं है शुरुआत है। आगे आपको इसी तरह मेहनत करनी है सफलता आपको निश्चित मिलेगी।

### कार्यक्रम करने का उद्देश्य उन्हें सम्मानित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना-सरिता दांदरे

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहां की माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा कक्षा १०वीं और १२ वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। जिसमें नगर के सभी छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक हासिल किया है वह उन लोगों की मेहनत बताते हैं कि उनके द्वारा किस प्रकार मेहनत की गई है। इस परीक्षा में कई विद्यार्थियों ने नगर का नाम गौरवन्वित किया है, जिससे उनके पालक को भी गौरव की अनुभूति हो रही है। यह कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य उन्हें सम्मानित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है ।आप निश्चित ही इसी प्रकार की मेहनत करते हुए आगे बड़े सफलता आपके पास होगी परंतु आपका पूरा ध्यान आपके लक्ष्य पर होना चाहिए।

### महाकौशल में वारासिवनी विकास के लिए जाना जाता है-प्रदीप जायसवाल

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अच्छा वातावरण अच्छे स्कूल अच्छे शिक्षक और बेहतर शिक्षा की जरूरत है। जिसके लिए हमारे द्वारा राजनीति के माध्यम से कार्य किया गया है सरकार ने इसी के लिए उत्कृष्ट विद्यालय फिर सीएम राइज जैसे स्कूल संचालित कर रही है। इनमें जो सुविधा मिल रही है वह हमारे समय नहीं थी महाकौशल में वारासिवनी विकास के लिए जाना जाता है परंतु शिक्षा के क्षेत्र में भी बच्चों ने जो उपलब्धि प्राप्त की वह सराहनीय है। आपको सम्मान देने प्रोत्साहित करने के लिए हमारा यह एक छोटा सा प्रयास है इसके माध्यम से हमने प्राचार्यो का अभिनंदन किया है। विकास में हम जिस तरह आगे बढ़ रहे हैं इसमें यदि हम आपको सम्मानित नहीं करते हैं तो विकास पूरा नहीं होगा।आप सभी विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बनाकर सफलता प्राप्त करेंगे जिससे निश्चित ही वारासिवनी का नाम रोशन होगा।

### शिक्षा के क्षेत्र में हर किसी को आगे बढ़ना चाहिए

श्री जायसवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में यह जो परीक्षा परिणाम आए हैं उसमें बालाघाट का तीसरा स्थान है और निश्चित वारासिवनी का भी बेहतर स्थान होगा। हमारी राजनीति का उद्देश्य बेहतर वातावरण का निर्माण करना महानगरों की सुविधा स्थानीय स्तर पर आपको उपलब्ध कराना। इसी के साथ वर्तमान के स्कूल और कॉलेज में बहुत ज्यादा बदलाव आ गये हैं इसी विजन को लेकर हमने राजनीति की है। हमने लगातार हर क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है वारासिवनी के बच्चे आज अमेरिका ,ऑस्ट्रेलिया ,सूडान जैसे राष्ट्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। उसमें भी ९८ प्रतिशत कहे तो पवार समाज के बच्चे हैं ।जिनसे दूसरे समाज को सीखना चाहिए यह मील का पत्थर है। हम जब किसी गांव में जाते हैं तो उस व्यक्ति का छोटा घर है दूध का व्यापार है छोटी सी खेती है। किंतु उनका बेटा भोपाल में इंजीनियरिंग या मेडिकल करता रहता है। शिक्षा के क्षेत्र में हर किसी को इसी प्रकार आगे बढ़ना चाहिए और निश्चित आप भी आगे बढ़ सकते हैं।

# भैरोगंज लक्ष्मी नारायण मंदिर में अज्ञात तत्वों ने की शरारत : मंदिर के पूजा के बर्तनों को छेदकर किया क्षतिग्रस्त




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर १ श्याम नगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा मंदिर की पूजा सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना से वार्ड वासियों में आक्रोश है जिनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। उनके द्वारा उक्त अज्ञात व्यक्तियों की पताशाजी की जा रही है तो वहीं पुलिस प्रशासन से मामले में कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम नगर के गेट पर लक्ष्मी नारायण और भगवान भोलेनाथ का मंदिर बना हुआ है जहां पूरे मोहल्ले की आस्था जुडी हुई है। लोगों के द्वारा सुबह शाम पूजा अर्चना की जाती है तो वहीं पूजा सामग्री भी मंदिर में ही रखी होती है। जहां पर १६ मई की सुबह वार्डवासियों के द्वारा पूजा अर्चना की गई जहां सब कुछ ठीक था । इसके बाद १७ मई की शाम को धूप बत्ती लगाने के लिए लोग पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पूजा सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसमें पीतल के दिये तांबे के लोटे में किसी नुकीली वस्तु से छोटे बड़े छेदकर दिए गए हैं जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और अब उपयोग के लायक भी नहीं बचे हैं। इसके बाद उनके द्वारा वार्ड के सभी लोगों को घटना की जानकारी दी गई जिन्होंने मौके पर उपस्थित होकर देखा वहीं उक्त अज्ञात व्यक्तियों पर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिनके द्वारा इस प्रकार के असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग पुलिस प्रशासन से की जा रही है।

### शरारती तत्वों ने पूजा सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया है-तिरेंद्र चौधरी



वार्डवासी तिरेंद्र चौधरी ने बताया कि हमारे यहां लक्ष्मी नारायण मंदिर है इसमें हमें जानकारी लगी कि कुछ लोगों ने जो शरारती तत्व है उन्होंने पूजा सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया है। उसके बाद हमने जाकर देखा तो वह पूजा सामग्री उपयोग करने लायक नहीं है यह करीब दोपहर की घटना है इसके पहले भी इस प्रकार की हरकतें हुई है। जिसमें लगातार शिकायतें की गई है और आए दिन इस प्रकार सामाजिक तत्व करते रहते हैं। पुलिस प्रशासन से हम चाहते हैं कि वह मामले में कठोर कार्यवाही करें और ऐसे अज्ञात असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगायें।

### प्रशासन व जिम्मेदार व्यक्तियों को ध्यान देना चाहिए-जयंद्र ठाकरे



जयंद्र ठाकरे ने बताया कि हमारे मंदिर में यह जो घटना हुई है वह किसी प्रकार के शरारती तत्वों के द्वारा की गई है। मैं गांव में था हमारे मोहल्ले का एक ग्रुप है उसमें मुझे जानकारी मिली तो हमने यहां आकर देखा है। अब यह चोरी कहे या शरारत जिसने भी पूजा सामग्री को क्षति पहुंचाई है यह बहुत गलत है। इससे हमारे आस्थाएं आहत हुई है इसमें प्रशासन व जिम्मेदार व्यक्तियों को ध्यान देना चाहिए।

# नारी शक्ति-प्रेरणा से लेकर परिवर्तन की अगुआ तक!

भारतीय समाज में जब भी नारी सशक्तिकरण की बात होती है, तो उसे अक्सर सामाजिक अधिकारों, शिक्षा या स्वास्थ्य से जोड़ा जाता है। लेकिन असल शक्ति तब दिखाई देती है जब महिलाएं उन क्षेत्रों में आगे बढ़ती हैं, जिन्हें अब तक पुरुष-प्रधान समझा जाता रहा है। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ये तीनों सेनाएँ अब उस बदलाव का गवाह बन चुकी हैं जहाँ महिला अधिकारी न केवल वर्दी पहनती हैं, बल्कि उसका गौरव भी बढ़ा रही हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह आज भारतीय नारी शक्ति के ऐसे ही दो उज्ज्वल प्रतीक हैं, जिन्होंने देश, समाज और आने वाली पीढ़ियों को यह विश्वास दिलाया है कि महिलाएं नेतृत्व करने में भी किसी से कम नहीं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने वर्ष 2016 में इतिहास रचा, जब उन्होंने बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भारतीय दल की अगुवाई की। 18 देशों की सेनाओं के बीच भारतीय टुकड़ी की कमान किसी महिला अधिकारी को सौंपना अपने आप में इस बात का संकेत था कि सेना अब योग्यता को लिंग से ऊपर मान रही है। सिग्नल कोर की अधिकारी होने के नाते, उनका कार्य रणनीतिक संचार व्यवस्था को संभालना था। ये एक ऐसा क्षेत्र है, जो सेना के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा होता है। इससे पहले भी वे संयुक्त राष्ट्र के कांगो मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा दे चुकी हैं, जहाँ उन्होंने युद्ध प्रभावित इलाकों में मानवीय प्रयासों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका कद सिर्फ एक सैन्य अधिकारी के तौर पर नहीं, बल्कि एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ है। दूसरी ओर, हाल के घटनाक्रम में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश के समक्ष नारी नेतृत्व की एक नई मिसाल पेश की। 7 मई 2025 को उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में आधिकारिक मीडिया ब्रीफिंग की, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था। उन्होंने पूरी सटीकता और संयम के साथ बताया कि किस प्रकार भारतीय वायुसेना ने निशाना साधते हुए सीमापार स्थित नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, वह भी बिना किसी नागरिक क्षति के। यह नेतृत्व का वही रूप है जो शक्ति के साथ संवेदनशीलता को भी साथ लेकर चलता है। पारंपरिक सोच को चुनौती देता है और एक नई सोच को जन्म देता है। ये घटनाएँ सिर्फ दो महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ नहीं हैं। यह एक बड़ा सामाजिक परिवर्तन है जो धीरे-धीरे हमारे संस्थानों की सोच में उतर रहा है। सेना जैसे अनुशासित और कठोर ढांचे में महिलाओं की स्वीकार्यता और नेतृत्व की भूमिका उस बुनियादी मानसिकता को चुनौती देती है, जहाँ शक्ति का मतलब सिर्फ बाहुबल समझा जाता था। सोफिया और व्योमिका जैसी महिलाएं दिखाती हैं कि अब शक्ति का अर्थ संवेदना, रणनीति और साहस का संतुलन है। महिला सशक्तिकरण सिर्फ आरक्षण या अवसर का सवाल नहीं है। असली सशक्तिकरण तब होता है जब एक महिला को देश की सीमाओं की रक्षा, रणनीतिक निर्णय और राष्ट्रीय गर्व के प्रतीक मिशनों की कमान दी जाती है—बिना संकोच, बिना शंका। जब कोई युवती इन नामों को पढ़ती है, तो उसे यह महसूस होता है कि सेना अब सिर्फ पुरुषों की बपौती नहीं रही। यह वही क्षण होता है जब सपनों को पंख मिलते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि इस सोच को और व्यापक बनाया जाए। महिलाओं की भागीदारी केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित न रहे, बल्कि हर उस मंच पर हो जहाँ निर्णय लिए जाते हैं, जहाँ नीति बनती है, जहाँ भविष्य की दिशा तय होती है और जब यह बदलाव सशस्त्र बल जैसे संस्थानों में संभव है, तो बाकी क्षेत्रों में भी इसे संभव बनाना कोई सपना नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की कहानियाँ यही कहती हैं कि अब नारी शक्ति केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं, वह रणभूमि से लेकर रणनीति तक हर मोर्चे पर सक्षम है। उनकी उड़ान हमें याद दिलाती है कि सशक्त नारी सिर्फ प्रेरणा नहीं, परिवर्तन की अगुआ होती है। इतना ही नहीं अब नारी शक्ति किसी विशेष अवसर की मोहताज नहीं, वह हर समय, हर स्थान पर अपनी ऊर्जा और संवेदना से राष्ट्र को मजबूती देती है। जब एक महिला बंदूक उठाती है, तो उसमें सिर्फ सुरक्षा नहीं, संवेदनशीलता

# फौज के साथ यह धर्मनिरपेक्ष भारत की भी जीत है

जब से भारत आजाद हुआ है तब से पाकिस्तान ने चार बार हमारे ऊपर युद्ध थोपा है। सबसे पहले 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर को हथियाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने यह कोशिश सीधे फौजियों को भेजकर नहीं की थी बल्कि तथाकथित आदिवासियों के माध्यम से यह काम किया था। अंग्रेजों ने जब भारत से अपना कब्जा हटाया तो तय किया था कि जहाँ अंग्रेजों का सीधा राज्य था वहाँ पर सत्ता कांग्रेस को सौंपी जाएगी। इसी तरह से जो मुस्लिम-बहुल क्षेत्र थे उनका शासन जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग को सौंपा गया था। लगभग सभी राजा-रजवाड़ों ने भारत में या पाकिस्तान में शामिल होने का फैसला कर लिया। परन्तु कश्मीर के महाराज हरि सिंह ने स्वतंत्र रहने का फैसला किया। उन्होंने फैसला किया कि ना तो वह भारत में शामिल होंगे और ना ही पाकिस्तान में। परन्तु उनके इस फैसले का कश्मीर की जनता ने विरोध किया और मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य होने के बावजूद सर्वमान्य नेता शेख अब्दुल्ला और वहां की जनता ने भारत में शामिल होने का फैसला किया। इस फैसले के बावजूद पाकिस्तान ने आक्रमण कर जम्मू और कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करने का प्रयास किया परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली और अंतत: कश्मीर का विलय भारत में हुआ।

इसके बाद पाकिस्तान ने 1965 में पुन: भारत पर युद्ध थोपा, परंतु उसे सफलता नहीं मिली और लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान पर विजय हासिल की। युद्ध खत्म होने के बाद सोवियत संघ के नेताओं की पहल पर रूस के शहर ताशकंद में समझौता वार्ताएँ हुईं, परंतु दुर्भाग्यवश वार्ताओं के दौरान ताशकंद में लालबहादुर शास्त्री की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

इसके बाद 1971 में फिर पाकिस्तान ने हम पर युद्ध लाद दिया। पाकिस्तान के दो हिस्से थे। एक कहलाता था पश्चिमी पाकिस्तान और दूसरा कहलाता था पूर्वी पाकिस्तान। पूर्वी पाकिस्तान में बंगाल का आधा हिस्सा शामिल किया गया। परंतु आ?ाद होने के बाद पाकिस्तान ने बांग्लादेश के नागरिकों पर उर्दू लादने की कोशिश की। इसका वहाँ की जनता ने जबरदस्त विरोध किया। मुस्लिम होने के बावजूद बंगाल की जनता बंगला भाषा को अपनी भाषा मानते थे। बंगला भाषा ना सिर्फ वहां की बोलचाल की भाषा थी वरन वहां के प्रशासन और व्यापार में भी बंगला भाषा का उपयोग होता था। इस दरम्यान पाकिस्तान में चुनाव हुआ और चुनाव में बहुमत बंगाल की अवामी लीग को मिला। परंतु पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं ने अवामी लीग को सत्ता नहीं सौंपी। इस फैसले के विरोध में बांग्लादेश में विद्रोह हो गया। लगभग सभी निवासियों ने पाकिस्तान के नेताओं के फैसले को अमान्य किया। पाकिस्तान ने अपना फैसला मनवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए। सेना के माध्यम से जबरदस्त जुल्म किया गया। शेख मुजिबुर रहमान समेत हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया। बांग्लादेश के निवासियों ने पाकिस्तान की सत्ता को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी आदेश को मानने से इंकार कर दिया। बांग्लादेश के लोगों ने मुक्ति वाहिनी नाम से विद्रोही सेना का गठन किया।

बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोगों ने पाकिस्तान की ज्यादतियों से बचने के लिए भारत में शरण ली। इतनी ब?ी संख्या में बांग्लादेश के लोग आए कि भारत को उनके लालन-पोषण में जबरदस्त दिक्कत होने लगी। इस तरह लगभग युद्ध भारत पर लाद दिया गया था।

भारत ने मुक्ति वाहिनी को सहायता दी और एक अत्यधिक गंभीर स्थिति पैदा हो गई। उस समय हमारे देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उन्होंने बड़े साहस से इस स्थिति का मुकाबला किया। उस समय पूरी दुनिया दो भागों में बंटी हुई थी। एक भाग का नेतृत्व अमरीका कर रहा था और दूसरे भाग का नेतृत्व समाजवादी राष्ट्र सोवियत संघ कर रहा था। प्रारंभ से ही अमरीका के नेतृत्व वाले राष्ट्र जिन्हें पश्चिमी राष्ट्र कहा जाता था पाकिस्तान के मददगार रहे। उन्हें पाकिस्तान की सहायता की आवश्यकता थी क्योंकि पाकिस्तान की सीमा सोवियत संघ से मिलती थी। इसलिए ये पश्चिमी राष्ट्र पाकिस्तान की हर



प्रकार की सहायता करते थे। इसके विपरीत सोवियत संघ जहां समाजवादी प्रगतिशील व्यवस्था थी भारत का साथ देता था। 1971 के युद्ध के पूर्व भारत ने सोवियत संघ से एक बीस वर्षीय संधि की। इस संधि के अनुसार यदि सोवियत संघ पर हमला होता है तो भारत उसकी मदद करेगा और भारत पर यदि हमला होता है तो सोवियत संघ उसकी मदद करेगा। इस स्थिति के होते हुए भी बांग्लादेश और भारत में इस स्थिति का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह बताने के लिए श्रीमती गांधी दुनिया के अनेक देशों में गईं। जिन देशों में वे गईं उनमें अमरीका भी शामिल था।

अमरीका में उस समय रिचर्ड निक्सन राष्ट्रपति थे। श्रीमती गांधी उनसे मिलीं। निक्सन से उनकी मुलाकात वाईट हाउस के लॉन में हो रही थी। उस समय जो मौसम था वह अत्यधिक सुहावना था। निक्सन ने इस बात का उल्लेख वार्ता के दौरान किया। इस पर श्रीमती गांधी ने कहा कि मैं हजारों मील से मौसम की तारीफ सुनने नहीं आई हूँ। खैर वार्ता से कुछ खास उपलब्धि नहीं हुई। अंतत: हमें युद्ध लड़ना पड़ा। युद्ध में हमारी जीत निश्चित हुई। अमरीका ने हर संभव सहायता पाकिस्तान को दी। अमरीका ने अपना सातवां बेड़ा (Seventh Fleet) भेजा। इसके जवाब में सोवियत संघ ने भी धमकी दी की हम इस संबंध में भारत की सहायता करेंगे इसलिए अमरीका को मजबूर होकर सातवें बेड़े का मुंह मोड़ना पड़ा। युद्ध लगभग समाप्त हो गया। श्रीमती गांधी ने यह युद्ध फौजों के सहारे ही नहीं बल्कि देश की जनता से प्राप्त अद्भुत समर्थन से भी लड़ा और यहां तक कि उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा माता कहा।

भारी संख्या में पाकिस्तानी फौजों ने आत्मसमर्पण किया। युद्ध की समाप्ति के बाद शिमला में भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता वार्ताएं हुईं। पाकिस्तान की तरफ से जुल्फिकार अली भुट्टो जो वहां के प्रधानमंत्री थे इन वार्ताओं में शामिल हुए। वार्ताएं लगभग असफल रहीं। वार्ताओं के अंत में शिष्टाचार के चलते श्रीमती गांधी श्री भुट्टो से मिलने गईं। उस समय श्री भुट्टो के साथ उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो भी थीं। बेनजीर की आयु उस समय 16 साल थी। जुल्फिकार अली भुट्टो के जीवन में बेनजीर की वही भूमिका थी जो पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन में इंदिरा गांधी की थी। भुट्टो का इंतजार किया जा रहा था तो बेनजीर ने अपने पापा से कहा कि भारत में अभी प्रजातंत्र है, पाकिस्तान में भी प्रजातंत्र है। यदि हम दोनों राष्ट्रों के प्रतिनिधि कुछ हासिल नहीं कर पाए तो यह इतिहास पर काला धब्बा होगा। भुट्टो को यह बात अखरी और उन्होंने बेनजीर को आश्वासन दिया कि वो कुछ न कुछ हासिल करने का प्रयास करेंगे। भुट्टो ने यह बात इंदिरा जी को बताई थी। इस तरह 1971 के युद्ध में भारत का झंडा ऊँचा रहा। युद्ध की सफलता की घोषणा करते हुए इंदिरा जी ने संसद में कहा कि बहुत शीघ्र ही ढाका एक नए देश की राजधानी होने वाला है। तालियों के बीच इस घोषणा का स्वागत हुआ।

अब फिर 2025 में पाकिस्तान ने आतंकवादियों के माध्यम से बहुत ही दिल दहलाने वाली क्रूर घटना की, जिसमें माँ के सामने बेटे को मारा गया, नवविवाहित वधु के सामने उसके पति को मारा गया। इस तरह लगभग 26 लोग मारे गए। मजबूर होकर हमको बदला लेने के लिए आक्रामक रूख अपनाना पड़ा। आक्रमण की सफलता पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने देश की डिफेन्स फोर्स को सेल्यूट किया। मोदी ने चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तान ऐसी घटना दोबारा करता है तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

दुख की बात है कि हम पड़ोसी देश शांति से नहीं रह पा रहे हैं। अटूट पैसा युद्ध पर खर्च हो रहा है। यदि यही पैसा बचता तो दोनों देशो की मूलभूत समस्याओं को हल करने में काम आता। ये समस्याएँ हैं शिक्षा, स्वास्थ्य आदि। भारत से ज्यादा पाकिस्तान में यह समस्याएँ हैं। पाकिस्तान के मंत्री ने भी यह स्वीकार किया कि अमरीका और ब्रिटेन के बहकावे पर हम गलत काम करते रहे, जिसका हमें अफसोस है। आशा है कि अब अप्रैल और मई में घटित इन घटनाओं से पाकिस्तान सबक लेगा और हमें उसके विरूद्ध हथियार उठाने के लिए मजबूर नहीं करेगा।

इस संबंध में सबसे बड़ी दुखद बात है संयुक्त राष्ट्र संघ की असफलता। 1945 में विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद संयुक्त राष्ट्र का गठन किया गया था और यह आशा प्रकट की गई थी कि अब युद्ध नहीं होगा। अभी हाल में विश्व युद्ध में हिटलर और मुसोलिनी की हार का जश्न मनाया गया। परंतु जब हम जश्न मना रहे थे तो रूस और यूक्रेन के बीच, इजराईल और फिलिस्तीन के बीच और हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी घटनाएँ हो रही हैं। इन घटनाओं के चलते संयुक्त राष्ट्र संघ मौन होकर देखता रहा। यह विश्व इतिहास का अत्यधिक त्रासदीपूर्ण सबक है।

- एल.एस. हरदेनिया

# शासन,प्रशासन,दलालों का मेल- सरकारी आतंकवाद का खेल

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश आज आतंकवाद और भ्रष्टाचार के दंश से पीडित है परंतु अनेक देशों में तो आतंकवादी भ्रष्टाचार किसी एकल इकाई तक अब सीमित नहीं रहा वह टॉपअप से बॉटमअप तक या यूं कहें कि शासन वाया प्रशासन वाया दलालों (जासूसों) के माध्यम से भ्रष्टाचार आतंकवाद का प्रचलन अति बढ़ गया है,जो अक्सर हम 40-50 पेर्सेंट लिफाफा के रूप में सुनते आ रहे हैं, यानें 1 रूपया निकलताहै तो 15 पैसा लाभार्थी के हाथ में आताहै,हालांकि आज भले ही कम स्तरपर हो परंतु है जरूर! इस तरह से आतंकवाद एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता बल्कि उसके पीछे पूरी चैनल जुड़ी होती है। मेरा ऐसा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के सभी 200 से अधिक देशों ने मिलकर एक ऐसी ट्रिटी या व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें ऐसे देशों को आतंकवादी देश घोषित करें जो सरकारी आतंकवाद की परिभाषा में आता हो व पारदर्शी व स्वच्छ तथा अच्छे प्रशासन वाले देश की सरकारों को सरकारी सुशासन वाला देश से नवाजा जाए जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत-पाक तनाव में ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमने देखा कि किस तरह मारे गए आतंकवादियों को पड़ोसी मुल्क ने अपने राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर सलामी देकर उनको खाक ए सुपुर्द, किया इस वाक्यात को पूरे विश्व ने देखा इसे कुछ लोगों ने सरकारी आतंकवाद की संज्ञादी।वैसे ही भ्रष्टाचार भी शासन प्रशासन दलालों के गठजोड़ में भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि 40 50 पेर्सेंट लिफाफे की शुभ सुबसुबाहट इलेक्शन के दिनों में होते रहती है,इसलिए मेरा मानना है कि इन दोनों परिस्थितियों याने सरकारी आतंकवाद व भ्रष्टाचार को सभी देशों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कानूनों में एक धारा जोड़कर सरकारी आतंकवाद का संज्ञान लिया जाए।चूँकि शासन प्रशासन दलालों का मेल, सरकारी आतंकवाद का खेल। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकारी आतंकवाद बनाम सरकारीसुशासनवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों ना हरदेश में शासन प्रशासन और दलालों के गठजो? से किया गया भ्रष्टाचार व आतंकवाद में जमानत न होकर ट्रायल के बाद सीधा एक्विट्टल या सजा हो ?

साथियों बात अगर हम सरकारी आतंकवाद को समझने की करें तो, सरकारी आतंकवाद और सरकारी सुशासन वाद में काफी अंतर है। सरकारी आतंकवाद में सरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर हिंसक और गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना शामिल होता है, जबकि सरकारी सुशासनवाद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी के साथ काम करती है। सरकारी आतंकवाद-–परिभाषा-सरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर जान बूझकर हिंसा का उपयोग करना, उन्हें डराना या धमकाना, और राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना। उदाहरण-– राजनीतिक विरोधियों का दमन, मानवाधिकारों का उल्लंघन, युद्ध अपराध,और गैरकानूनी हत्याएं। लक्ष्य-–शक्ति का प्रदर्शन, विरोध को दबाना,औरअपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करना।एक प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि होती है। अगर कोई व्यक्ति या कोई संगठन अपने आर्थिक राजनीतिक व विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए देश या देश के नागरिकों की सुरक्षा को निशाना बनाए,तो उसेआतंकवाद कहते हैं। गैर-राज्यकारकों द्वारा किये गए राजनीतिक एवं वैचारिक हिंसा भी आतंकवाद की ही श्रेणी में आती है। अब इसके तहत गैर-कानूनी हिंसा को भी आतंकवाद में शामिल कर लिया गया है। अगर इसी प्रकार की गतिविधि आपराधिक संगठन चलाने या उसे बढ़ावा देने के लिए की जाती है तो सामान्यत: उसे भी आतंकवाद माना जाता है। यद्यपि, इन सभी कार्यों को आतंकवाद का नाम दिया जा सकता है। कुछ मतों के अनुसार आतंकवाद पन्थ से नहीं जुडा है।यह सही है दुनिया के अधिकतर से देश आतंकवाद से ग्रस्त है।

साथियों बात अगर हम सरकारी सुशासनवाद को समझने की करें तो,सुशासन क्या है प्रशासन का तात्पर्य शासन की सभी प्रक्रियाओं, संस्थाओं, प्रक्रियाओं और प्रथाओं से है, जिनके माध्यम से आम चिंता के मुद्दों पर निर्णय लिया जाता है और उन्हें विनियमित किया जाता है। सुशासन शासन की प्रक्रिया में एक मानक या मूल्यांकनात्मक विशेषता जोड़ता है। मानवा धिकारों के दृष्टिकोण से यह मुख्य रूप से उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके द्वारा सार्वजनिक संस्थाएँ सार्वजनिक मामलों का संचालन करती हैं, सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन करती हैं और मानवाधिकारों की प्राप्ति की गारंटी देती हैं। यद्यपि सुशासन की कोई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत परिभाषा नहीं है, फिर भी इसमें निम्नलिखित विषय शामिल हो सकते हैं- मानव अधिकारों का पूर्ण सम्मान, कानून का शासन, प्रभावी भागीदारी, बहु-अभिनेता साझेदारी, राजनीतिक बहुलवाद, पारदर्शी और जवाबदेह प्रक्रियाएं और संस्थाएं, एक कुशल और प्रभावी सार्वजनिक क्षेत्र, वैधता, ज्ञान, सूचना और शिक्षा तक पहुंच, लोगों का राजनीतिक सशक्तीकरण, समानता, स्थिरता, तथा दृष्टिकोण और मूल्य जो जिम्मेदारी, एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं।संक्षेप में, सुशासन का संबंध राजनीतिक और संस्थागत प्रक्रियाओं और परिणामों से है जो विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। अच्छे शासन की असली परीक्षा यह है कि यह किस हद तक मानवाधिकारों के वादे को पूरा करता है- नागरिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक अधिकार। मुख्य प्रश्न यह है- क्या शासन की संस्थाएँ स्वास्थ्य, पर्याप्त आवास, पर्याप्त भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष न्याय और व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार की प्रभावी रूप से गारंटी दे रही हैं? सुशासन की प्रमुख विशेषताएं-–

मानवाधिकार परिषद ने सुशासन की प्रमुख विशेषताओं की पहचान की है- (1) पारदर्शिता (2) जम्मिदारी (3) जवाबदेही (4)भाग लेना (5) जवाबदेही (लोगों की जरूरतों के प्रति) सरकारी सुशासन वाद-–सरकार द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही, नागरिकों की भागीदारी, और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए काम करना। उदाहरण - भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, कानून के शासन का पालन, सामाजिक न्याय, और नागरिकों को उनकी समस्याओं के लिए समाधान प्रदान करना। लक्ष्य-नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, आर्थिक विकास, औरसामाजिक न्याय की स्थापना।अंतर-हिंसा-सरकारी आतंकवाद में हिंसा का उपयोग होता है, जबकि सुशासन वाद में हिंसा का उपयोग नहीं होता है। लक्ष्य- सरकारी आतंकवाद में राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करना होता है, जबकि सुशासन वाद में नागरिकों के हित को ध्यान में रखना होता है कानून- सरकारी आतंकवाद में कानून का उल्लंघन होता है, जबकि सुशासन वाद में कानून का पालन करना होता है। सरकारी सुशासन वाद का अर्थ है सरकार द्वारा जनता की भलाई और विकास के लिए उचित तरीके से शासन करना। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें सरकार जनता के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से कार्य करती है, जिससे देश का विकास और नागरिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। निष्पक्षता- सरकार को सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। समानता-सरकार को सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करने चाहिए।न्याय-सरकार को न्यायपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए।प्रभावशीलता-–सरकार को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करना चाहिए।सतत विकास-सरकार को विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए।सुशासन के फायदे-जनता में विश्वास-सुशासन जनता के विश्वास को है।आर्थिक विकास-सुशासन आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।सामाजिक विकास-सुशासन सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है।बेहतर जीवन स्तर-सुशासन नागरिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। कानून का शासन--सुशासन कानून के शासन को बढ़ावा देता है।भ्रष्टाचार में कमी-–सुशासन भ्रष्टाचार को कम करने में मदद करता है।

- किशन सनमुखदास भावनानी

## धर्म का अर्थ

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था।

वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे?

संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

## पाक को बेनकाब करेंगे सभी दलों के सांसद

भारत सरकार ने सात सांसदों के एक दल का गठन किया है। इसमें सभी महत्वपूर्ण दलों के सांसदों को जगह दी गई है। 7 सांसद सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के रूप में अमेरिका, यूके, यूएई, दक्षिण अफ्रीका, जापान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दौरा करेंगे। विदेश यात्रा के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से किस तरह का मुकाबला भारत कर रहा है इसकी जानकारी दुनिया के देशों को देंगे। पाकिस्तान किस तरह से आतंकवादियों का पोषण कर रहा है। पाकिस्तान खुद आतंकी देश के रूप में कार्य कर रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल विदेश में जाकर पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत केवल आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है। इसकी जानकारी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एकजुटता के साथ देगा। मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में पहली बार सांसदों को विदेश दौरे पर भेजा जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू इस प्रतिनिधि मंडल को ऑर्गेनाइज कर रहे हैं। जल्द ही यह प्रतिनिधिमंडल विदेश का दौरा करके भारत का पक्ष रखने का काम करेगा।

मोदी सरकार का कोई भी निर्णय बिना विवाद के पूरा नहीं होता है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदों के नाम मांगे थे। उनमें से एक नाम केंद्र सरकार को चुनना था। कांग्रेस ने जो चार नाम भेजे उसमें कांग्रेस के सांसद शशि थरूर का नाम नहीं था। कांग्रेस की ओर से आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार का नाम भेजा था। केंद्र सरकार ने उनमें से किसी सांसद को ना भेज कर अपनी ओर से शशि थरूर को प्रतिनिधि मंडल में शामिल कर दिया। शशि थरूर को लेकर यह माना जा रहा है कि वह जल्द ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केरल के एक प्रोग्राम में प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया था। वह कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ लगातार बोल बचन कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने सांसदों के इस प्रतिनिधि मंडल में थरूर को शामिल कर कांग्रेस के साथ एक बार फिर नया विवाद पैदा कर लिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपने 11 साल के कार्यकाल में पहली बार विपक्ष को विश्वास में लेकर इस प्रतिनिधि मंडल को दुनिया के कई देशों में भेजा जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को विवाद से बचना चाहिए था। शायद सरकार जानती थी और चाहती भी यही थी कि शशि थरूर को शामिल करने से कांग्रेस और शशि थरूर के बीच की दूरियां और बढेंगी, जिसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। अगले साल केरल में विधानसभा के चुनाव होना हैं। भारतीय जनता पार्टी पिछले कुछ समय से शशि थरूर के कंधे पर हाथ रखकर केरल में कांग्रेस को कमजोर करना चाहती है। सुनियोजित रूप से केंद्र सरकार ने कांग्रेस को आईना दिखाने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी इसको किस तरह से लेती है, इसका पता जल्द ही चलेगा। वर्तमान परिस्थितियों में जब सरकार विपक्षी दलों के साथ सहयोग कर रही है। विपक्षी दल भी सरकार के साथ सहयोग में खड़े हुए हैं। ऐसे समय में सरकार को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ टकराव मोल नहीं लेना था। इस समय सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता एकजुटता की होनी चाहिए। सारी दुनिया को एक ऐसा संदेश जाए, जिससे स्पष्ट हो भारत का सत्ता पक्ष और विपक्ष एकजुट है। सारी दुनिया के देश भारत की वर्तमान स्थिति को समझते। भारत एकजुटता का संदेश दुनिया भर में फैलाना चाहता है, वह ज्यादा असरकारी साबित होता। निश्चित रूप से सरकार ने सोच-समझकर कांग्रेस को नीचा दिखाने के लिए पहले कांग्रेस से चार सांसदों के नाम का पैनल मांगा। जब कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पैनल भेज दिया, तब सरकार ने पैनल में भेजे गए कांग्रेस के किसी भी सांसद को स्वीकार न करते हुए, शशि थरूर को विदेश दौरे में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे दिया। सरकार के इस निर्णय से शशि थरूर गदगद हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी में नाराजगी देखने को मिल रही है। फिर भी यही कह सकते हैं कि सरकार जो करती है, वह सोच समझ कर करती है। यदि सरकार ने शशि थरूर को विदेश दौरे में भेजने का निर्णय लिया है, तो यह सरकार का निर्णय है। सरकार के निर्णय को सभी को मानना पड़ता है। अब कांग्रेस भविष्य में कौन सा रुख अपनाती है। इसका असर आने वाले मानसून सत्र में देखने को मिलेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरकार को इस संकट के समय में बहुत सोच समझ कर निर्णय लेने चाहिए। यह समय टकराव का नहीं है। खरबूजा छुरी पर गिरे या छुरी खरबूजा पर गिरे, कटता खरबूजा ही है। विपक्ष के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास खोने के लिए बहुत कुछ होता है।

-सनत जैन

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** शनिवार को स्थानीय अनाज मंडी में सामान्य कारोबार के बीच चने में बाजार सुस्त रहे। तुअर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार मजबूत रहे। किराना जिंसों में सूखे मेवों में सुस्ती देखी गयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार को अनाज मंडी में कामकाज ठंडा-ठंडा ही रहा। चने में लेवाली ठंडी-ठंडी रहने से बाजार सुस्ती के रहे। तुअर में लेवाली से भावों में सुधार का रूख रहा। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन में मजबूती देखी गयी। उधर, किराना जिंसों में बादाम में लेवाली कमजोर रहने से भावों में नरमी देखी गयी। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4120-4190, खोपरा गोला 210-245, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1050-1200, क्लीन 1220-1330, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 820-835, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2850-2900, (200) 3250-3300, (250) 3250-3300

**तेल**- सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1355, राजकोट तेलिया 2165, सोया साल्वेंट 1230-1235, सोया रिफाइंड 1260-1265, कपास्या 1230, धूलिया 1235, कड़ी 1235,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1350, मुम्बई पाम 1240, मुम्बई सोया 1275,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6500, रायडा 5600, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6050-6075, एवरेज 5900-5950, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6300-6350, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 7700-7750, पाला 7750-7800, चमकी 7800-7900, नायलोन 7800-7900, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों कीमती धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 96100, चॉंदी (99) 96000, टंच 95200, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 95000,

# फसल आते ही प्याज के दामों में भारी गिरावट

**नासिक।** महाराष्ट्र की मंडियों में प्याज की आवक शुरू हो गई है। नई प्याज के आते ही मंडियों में प्याज की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। महाराष्ट्र की थोक मंडी में रू.1 से लेकर रू.14 किलो तक की प्याज बिक रही है। अभी प्याज के दाम 25 से रू 40 किलो के दाम किसानों को मिल रहे थे। जो अब घटकर एक से रू.14 के बीच में रह गए हैं।

### एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी

लासलगांव में प्याज न्यूनतम रू500 प्रति क्विंटल तथा अधिकतम रू1400 प्रति क्विंटल पर बिकी है। अभी नई फसल आई है,आवक कम है। जैसे ही मंडियों में प्याज की आवक बढ़ेगी। कीमतें और भी गिर सकती हैं। इसको लेकर किसानों की नाराजी और नाउम्मीदी बढ़ रही है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। व्यापार में आपका फोकस बढ़ा रहेगा। किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों से आप परिवारिक बिजनेस को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। परिवार में यदि सदस्यों में कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो वह और बढ़ सकता है, जो आपको तनाव देगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक विषयों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुछ नए संपर्कों का आप लाभ उठाएंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से घबराने की आवश्यकता नहीं है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप कहीं घूमने फिरने जाए, तो अपने माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाए। आपको कोई जोखिम उठाने से बचना होगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप बुद्धि और विवेक से अपने कामों को करेंगे। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आपको कुछ नए प्रयासों को करना बेहतर रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं भी काफी हद तक दूर होंगी। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। आपको दिखावे व जल्दबाजी के चक्कर में पड़ने से बचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपने लक्ष्यों को पकड़कर चलेंगे, तो ही उन्हें पूरा कर सकेंगे।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सूझबुझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। बड़ों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत के प्रति आपको सचेत रहना होगा। पारिवारिक रिश्ते में एकता बनी रहेगी। ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चले और आपको किसी लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप किसी से तर्क-वितर्क में ना पड़े।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने करीबियों का पूरा समर्थन मिलेगा। उच्च शिक्षा के प्रयास बेहतर रहेंगे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। भाई और बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद भी खड़ा हो सकता है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के प्रयास बेहतर रहेंगे।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपका मनोबल काफी ऊंचा रहेगा। समन्वय की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको व्यर्थ की बातों में पड़ने से बचना होगा और किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। कार्य क्षेत्र में भी आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश में लगे रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत आपको थोड़ा सोच समझकर करनी होगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य में आगे रहने के लिए रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की लोकप्रियता बढ़ेगी, उन्हें कोई बड़ा पद मिलने की संभावना है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी कला-कौशल से सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। उधार के लेनदेन पर सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने कामों को लेकर बजट बनाकर चलें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आर्थिक मामलों में भी आप सहज रहेंगे। किसी पुराने मित्र से आपकी लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन**- आज आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने पर पूरा ध्यान देंगे। पारिवारिक मामलों को भी आपको सूझबूझ दिखाकर निपटाने की आवश्यकता है। समन्वय की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आप छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करेंगे। किसी नये मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए यदि आप सोच विचार कर रहे थे, तो आप उसमें आगे बढ़ सकते हैं।

## शब्दजाल - 7902

*शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ह | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | इ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी.

### शब्दजाल - 7901 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6846

**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५.अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७.गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९.चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6845

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | सौ | दा | ग | र | |
| | र्ज | | की | म | त | | द | | माँ |
| आं | | सू | र | | न | फ | र | त | |
| दो | र | हा | | खे | | की | | नु | |
| ल | | ग | ज | ल | | रा | जा | जा | नी |
| न | | | मी | | सं | | ल | | य |
| | गॅ | वा | र | | जो | र | | अं | त |
| को | | रि | | आ | ग | | जो | श | |
| ह | व | स | | द | | खु | शी | | लै |
| रा | | | ज | मी | न | | ला | ड | ला |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8370

**बाएँ से दाएँ**

1.जनमत-4
4.सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9.रुपया,पैसा -2
11.छोटी सवारी गाड़ी-2
12.घ्राणेंद्रिय-2
13.बेकार-3
15.झुका हुआ-2
16.बसंत काल-3
17.टिड्डा-3
18.अन्वेषण,ढूंढना-2
19.जलने की प्रक्रिया-3
21.एक विदेशी शराब-2
23.कला,हुनर-2
24.मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25.आत्मबलिदानी-5
29.करामात-4
30.नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1.पूजा,प्रार्थना-4
2.मार्ग,पथ-2
3.यमराज,मृत्युदेवता-2
4.स्वच्छ-2
5.दूल्हा,वरदान-2
6.द्वेष,ईर्ष्या-4
8.तमीज,तहजीब-3
10.सेंधमार-5
11.चुगली करना-5
13.देवर्षि-3
14.रसद,खाद्य सामग्री-3
18.भयानक,डरावना-4
20.अक्षर (उर्दू-3)
22.संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25.तेज,सत्य-2
26.ईश्वर,भगवान-2
27.रुदन,क्रंदन-2
28.मोमबत्ती(उर्दू-2)

### शब्द पहेली -8369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ला | क | | ह | म | रा | ज |
| म | | | म | ह | क | | | रु |
| ना | | श | त | | ला | ल | | र |
| ना | म | क | र | ण | | की | म | त |
| | लि | | ता | | म | | क्का | |
| अ | न | ल | | मा | न | क | र | ना |
| रा | | हू | र | | मो | ल | | च |
| ज | | | ज | ग | ह | | | ना |
| क | रा | मा | त | | क | ल | श | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**18 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: ३ गुरु; ४ मंगल; २ सूर्य; १ बुध; १२ शुक्र राहु शनि; ५; ११; ८; ६ केतु; १० चंद्र; ७; ९)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.06 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 07.08 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.22 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.38 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.50 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.00 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.15 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.31 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.36 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कुंभ | 00.23 बजे से |
| | | मीन | 01.56 बजे से |
| | | मेष | 03.26 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 138 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 05.58 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 18.53 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 06.43 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 05.58 बजे तदनन्तर गर 18.09 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 34'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872348
**जूलियन दिन** 2460813.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: वे तीन

एक बार एक बुढ़िया को उसके बेटे का पत्र मिला। बेटा दूर देश में रहता था। बुढ़िया को पत्र पढ़ना नहीं आता था। वह अपने घर के सामने प्रतीक्षा कर रही थी कि कोई आए, तो पत्र पढ़ कर उसको सुना दे। आखिर एक सैनिक आया। उसने पत्र देखा तो उसकी आंखों में आंसू भर आए। थोड़ी देर बाद वह फूट-फूट कर रोने लगा। बुढ़िया ने घबरा कर पूछा, मेरे बेटे को कुछ हो गया क्या? लेकिन सैनिक ने कोई जवाब नहीं दिया। बस, रोता ही रहा। बेचारी बुढ़िया ने सोचा कि उसके बेटे पर कोई भयकर मुसीबत आ गई है। वह भी सैनिक के साथ रोने लगी। कुछ देर बाद एक व्यापारी आया। उसने उन दोनों को रोते देखा तो वह भी उनके साथ रोने लगा। वे तीनों रो रहे थे इतने में एक और आदमी आया। उन तीनों को रोते देखकर उसने पूछा कि मामला क्या है? पहले व्यापारी बोला, साल भर पहले मैं मिठ्ठी के कुछ बर्तन बेचने निकला था। मेरी किस्मत खराब थी। सारे बर्तन टूट गए। मैं तब रोना चाहता था लेकिन मुझे समय नहीं मिला क्योंकि मैं अपने नुकसान को पूरा करने में लगा था। इन दोनों तो रोते देखकर मुझे याद आया कि तब मैं रोया ही नहीं। मैंने सोचा चलो अभी रो लेता हूं। इसीलिए मैं रो रहा था। जब बुढ़िया सो पूछा तो उसने कहा- मुझे मेरे बेटे का पत्र मिला था। मुझे पढ़ना नहीं आता। मैंने इस सैनिक से पढ़ने को कहा और वह पत्र देखते ही रोने लगा। पत्र में जरूर कोई बुरी खबर लिखी है। यह सोचकर मैं रोने लगी। आखिर में सैनिक से पूछा तो वह बोला- सच तो यह है कि बचपन में मैंने थोड़ी भी पढ़ाई नहीं की। अपने अनाड़ीपन पर मुझे दुख हुआ कि इस पत्र को मैं पढ़ नहीं सकता। मुझे इतनी शर्म आई कि मैं रोने लगा। तानों की बात सुनकर वह आदमी समझ गया कि इनके रोने का कारण इनकी बेवकूफी है। उसने पत्र पढ़ा और बुढ़िया को बताया कि उसका बेटा बिल्कुल ठीक-ठाक है। सभी को समझाकर उसने अपना रास्ता पकड़ा।

## सूडोकु नवताल- 7155

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7154 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

मुंबई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली के चलते सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार दर्ज किया गया। सप्ताह की शुरुआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार आखिर में गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुई, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 2,256.91 अंक चढ़कर 81,716.13 अंकों के स्तर पर खुला और 2,975.43 अंक की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 705.16 अंक उछलकर 24,713.15 के स्तर पर खुला और 916.70 अंक की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को बीते दिन की बंपर उछाल खोते हुए शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 497.5 अंक गिरकर 81,932.40 अंक पर खुला और 1,281.68 अंक गिरकर 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 117.2 अंक गिरकर 24,807.50 अंक पर खुला और 346.35 अंक गिरकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 281.43 अंक चढ़कर 81,429.65 अंक पर खुला और 182.34 अंक की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 96.65 अंक चढ़कर 24,675 अंक पर खुला और 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 254.58 अंक की गिरावट लेकर 81,075.98 पर खुला और 1,200.18 अंक उछलकर सात महीने के उच्चतम स्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 64.70 अंक की गिरावट लेकर 24,602.20 पर खुला और 395.20 अंक बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 25,062.10 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई।




# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हुआ

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 मई को समाप्त हुए सप्ताह में 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई द्वारा हाल ही में जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गई है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुख्य विदेशी मुद्राएं जैसे यूरो, पाउंड और येन शामिल होती हैं। 9 मई को समाप्त हफ्ते में गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 45 लाख डॉलर बढ़कर 86.33 अरब डॉलर हो गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार की वैल्यू 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रह गई। समीक्षाधीन हफ्ते में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रह गई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है। इसके अतिरिक्त, भारत का निर्यात (गुड्स और सर्विसेज) अप्रैल में 12.7 प्रतिशत बढ़कर 73.80 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल 65.48 अरब डॉलर था। अप्रैल में भारत का गुड्स निर्यात 9.03 प्रतिशत बढ़कर 38.49 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, सर्विस निर्यात अप्रैल में बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल अप्रैल में 30.18 अरब डॉलर था। देश का इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का निर्यात अप्रैल में 39.51 प्रतिशत बढ़कर 3.69 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2.65 अरब डॉलर था। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात में भी दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। यह 11.28 प्रतिशत बढ़कर 9.51 अरब डॉलर हो गया है, जो कि बीते साल अप्रैल में 8.55 अरब डॉलर था।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद साइबर खतरे के निशाने पर भारत!

नई दिल्ली। सरकार देश के डिजिटल प्रतिष्ठानों और संसाधनों के खिलाफ साइबर युद्ध छिड़ने की आशंका को देखते हुए हाई अलर्ट पर है। सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने के बावजूद सरकार अंतरराष्ट्रीय रैनसमवेयर समूहों और पाकिस्तान समर्थित हैकरों के संभावित जोखिम पर नजर रख रही है। आशंका है कि आने वाले दिनों या हफ्तों में ये साइबर हमलों की कोशिश तेज कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस खतरे से निपटने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सॉफ्टवेयर कंपनियों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, बड़े औद्योगिक समूहों के मुख्य सूचना अधिकारियों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) से संपर्क कर रहा है। मंत्रालय ने उद्योगों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए दिशानिर्देशों का एक नया सेट भी भेजा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि दिशानिर्देशों में किसी भी छोटी या बड़ी घटना की सूचना तत्काल सरकार को देने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही अनुपालन की नियमित ऑडिट करना भी जरूरी है। अधिकारी ने बताया कि साइबर हमले की स्थिति में कंपनियों को 'वेबसाइट छेड़छाड़ करने वाले हमलों' का तेजी से पता लगाने और उसे तत्काल दुरुस्त करने के लिए कहा गया है और आवश्यक होने पर तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने लिए घटना के समूचे रिकॉर्ड को संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद साइबर हमलों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने यह चेतावनी जारी की है। ईवाई इंडिया में पार्टनर, साइबर सुरक्षा कंसल्टिंग प्रैक्टिस ने कहा कि ऊर्जा और दूरसंचार कंपनियों, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा जैसे महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। एक अधिकारी ने कहा ?कि हमने सभी बड़ी कंपनियों और उद्यमों से आने और बाहर जाने वाले डेटा की निगरानी करने, डेटा ट्रांसमिशन के दौरान यथासंभव एन्क्रिप्शन का उपयोग करने और उन्नत डीएलपी (डेटा हानि रोकथाम) समाधान लागू करने के लिए कहा है।

# नक्सल प्रभावित ग्राम कादला में पहुंचा प्रशासन

## हितग्राही मूलक योजनाओं की दी जानकारी , समस्याओं का आवेदन लेकर किया निराकरण







लांजी (पद्मेश न्यूज)। जिला कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार जनपद पंचायत लांजी की वनांचल अति संवेदन शील एवं नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत खांडाफरी के ग्राम कादला में 17 मई को शासन द्वारा चलाई जा रही सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं जनहित कल्याणकारी व्यक्तिगत लाभ दिलाने वाली सभी कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजस्व विभाग, पंचायत विभाग,आयुष्मान भारत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता, खाद्य विभाग, वन, जन जातीय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पुलिस विभाग, पशु पालन विभाग, आजीविका मिशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पी एम आवास, पेंशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा एवं अन्य सभी विभागों में चल रहे जनकल्याण कारी कार्यक्रमों को विस्तृत रूप से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में समस्त विभाग के कुल 22 आवेदन पत्र काउंटर में प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभाग के लगे काउंटर पर निराकरण हेतु भेजे गए तथा तत्काल निराकरण वाले आवेदन को निराकृत किया गया एवं शेष आवेदन को संकलित कर निराकृत हेतु भेजे गए। साथ ही आवेदकों को निराकरण से अवगत कराया गया। अंत में लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र हितग्राही को वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सराफ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट, संजय कुमार पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट, मनोज धुर्वे कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बालाघाट,कमलचन्द सिंहसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी, रामगोपाल यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी, आदर्शकांत बैहर एसडीओपी, ओमप्रकाश लांजी एसडीओपी, हिम्मत सिंह भवेदी तहसीलदार लांजी, पद्मावती परती महिला बाल विकास अधिकारी, खंड स्तरीय सभी विभाग प्रमुख, स्थानीय जन प्रतिनिधि जनपद सदस्य सभापति दिनेश लाड़े, खंडफारी सरपंच राजू सोयाम, पूर्वाटोला सरपंच गणेश बागड़े, टेकरी सरपंच प्रभूदयाल किरमे, जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी, समीपस्थ ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, अन्य जनप्रतिनिधि, अन्य विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन कमलचंद सिंहसार एसडीएम लांजी एवं रामगोपाल यादव सीईओ लांजी द्वारा किया गया। मंच संचालन सुनीता चन्ने आजीविका मिशन लांजी द्वारा किया गया।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ आवा में प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव पर हुआ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। गायत्री प्रज्ञा पीठ आवा में गायत्री माता के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 16 व 17 मई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम दिवस 16 मई को संध्या में दीपयज्ञ सम्पन्न किया गया था 17 मई को प्रात: 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पुंसवन संस्कार सम्पन्न किया गया। यज्ञ संस्कार कार्यक्रम प्रहलाद मर्सकोले एवं कोसरे जी द्वारा सम्पन्न किया गया। प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव



कार्यक्रम में लांजी से रामदयाल बडगैया, हेनालाल नगपुरे, कंवल लाल लिल्हारे, सोनवाने जी, पांडूरंग रहांगडाले, किरनापुर से शिवहरे, भानेगांव से विनिता तिरथेस बुराडे, साडरा से रणदिवे जी, रेवाराम कबीरे, हांसीचंद कबीरे, हेमंत कुमार भारद्वाज, संतोषी देवराज कबीरे, ग्राम आवा भाई बहिनों ने सक्रिय भाग लिया।

# नया राम मंदिर में बह रही श्री राम कथा की गंगा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट एकल अभियान खण्ड लांजी के तत्वावधान में नया




राम मंदिर गुजरी चौक लांजी में 16 से 20 मई तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। उक्त श्री राम कथा सुश्री गीता किशोरी के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सम्पन्न होना है। कार्यक्रम के तहत 16 मई को शाम 5 बजे मां गायत्री शक्तिपीठ लांजी से कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए रामकथा स्थल नया राममंदिर पहुंच कर व्यास पूजन किया, तत्पश्चात संगीतमय रामकथा का शुभारंभ किया गया जिसमें विधिविधान से झंकार किरनपुरे दंपत्ति द्वारा श्री राम का पूजन अर्चन कर किया गया। उक्त कलश यात्रा में संरक्षण समिति, प्रबंधन समिति एवं महिला समिति के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति रही। श्रीराम कथा के दूसरे दिन यजमान विशाल व मनीषा दुग्गड़ दम्पत्ति द्वारा श्री राम का पूजन अर्चन कर किया गया। कथा वाचक सुश्री गीता किशोरी ने दूसरे दिन की कथा में माता पार्वती के तप की कथा व भगवान शंकर की कथा का वर्णन किया। श्रीराम कथा आयोजन समिति ने क्षेत्र वासियों से प्रतिदिन सम्पन्न होने वाले कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की।

# बोलेगांव में जारी 16 दिवसीय समर कैंप का हुआ भव्य समापन







लांजी (पद्मेश न्यूज)। सान्दीपनि शा.उच्च.माध्य.विद्यालय बोलेगांव में 01 मई से 16 मई तक संचालित होने वाले समर कैंप का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन 17 मई 2025 को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थीयों के द्वारा समर कैंप के दौरान सीखें गये विभिन्न प्रकार के खेल जिसमें शतरंज, केरम, बेडमिंटन, सांप -सिढी, लुडो आदि खेलों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विद्यार्थीयों के द्वारा समर कैंप के दौरान हस्त निर्मित मिट्टी व क्लै से निर्मित मूर्ति, पोस्टर आर्ट, ड्राइंग पेन्टिग, सिनेरी, कहानी लेखन, निबंध लेखन, व वेस्ट मटेरियल से निर्मित विभिन्न प्रकार की कला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें संस्था के शिक्षक रविप्रकाश सहारे का विशेष योगदान रहा। समर कैंप के उद्देश्य एवं भविष्य में होने वाले फायदे के बारे में संस्था के प्राचार्य बी आर गुरदे द्वारा विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। समापन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रमेश दिलीप भटेरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी के भीमटे, पी टी ए अध्यक्ष रमेश आवरे, ग्राम पंचायत बोलेगांव सरपंच प्रतिमा अनिल भरतद्वाज, पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापुरे , युवराज भटेरे, उप सरपंच चित्रेखा कालबेले, चुरली आवा सरपंच ललित कबीरे, हसन कस्बे ,भानेगांव सरपंच राम ठाकरे, भीमोड़ी सरपंच चित्रलेखा पुरुषोत्तम अस्तने, जनपद सदस्य श्याम लाल बेदरे, जनपद सदस्य रेवाजी कराहटकरे, अशोक कस्बे, सेवा निवृत्त शिक्षक हरिराम घोरमारे, सेवा निवृत्त व्याख्याता सी.एल.घोरमारे , रत्न माला रामटेके पंच, प्रेरणा रामटेक्कर समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओ एवं छात्र- छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सरोज पटले द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन प्रवीण साहू उप प्राचार्य द्वारा किया गया।

# किसानों पर आफत बनी बेमौसम बारिश, फसलों को हुआ नुकसान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र भर में पिछले पखवाड़ा भर से रोजाना हो रहें मौसम परिवर्तन व बारिश से किसानों पर आफत सी आ गई है एवं बारिश से फसलों को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल ये रबी की फसल का कटाई का समय चल रहा है। खेतों में फसल तैयार खड़ी थी। किसान उसे काटने की तैयारी में थे, कुछ किसानों ने काट भी लिया था। लेकिन बारिश ने किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है हालांकि सरकार की ओर से नुकसान का कोई आंकड़ा जारी नहीं हुआ है। लेकिन तस्वीरें इस बात की गवाह हैं कि बर्बादी का आलम काफी ज्यादा है। किसानों पर प्रकृति का कहर जारी है। 2 दिन ठीक से गुजर नहीं पाते कि फिर मौसम खराब हो जाता है। यह सिलसिला पिछले पखवाड़े भर से चल रहा है। आए रोज हो रही आंधी तूफान एवं बारिश ने किसानों की कमर ही तोड़ कर रख दी है। 16-17 मई के मध्य रात्रि में हुई तेज तूफान के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की खड़ी को खेतों में सुला दिया है, किसान अब चिंतित हैं कि फसल को कैसे काटे एवं घर लाऐ।



### फसलों का नहीं मिल रहा है उचित दाम

किसानों को उनकी रबी फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में कृषकों ने जानकारी में बताया कि रबी की धान फसल पक चुकी है किन्तु बाजार में फसल का उचित दाम नहीं मिलने के कारण किसानों को अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने मजबूर हैं। पूर्व में 1800 रूपए तक खरीदी की जा रही थी किन्तु आवक बढ़ते ही व्यापारियों द्वारा धान का दाम कम कर दिया गया, जिससे किसानों को भारी नुकसानी उठानी पड़ रही है। किसान पहले बिजली, पानी से परेशान होकर जैसे तैसे अपनी फसल को तैयार किया अब फसल पकने के बाद मौसम की मार से परेशान हैं, उपर से उचित दाम नहीं मिलने कारण किसान के लिए अब दुबले पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ हो रही है। किसानों द्वारा अनेको बार रबी धान फसल को भी समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने की मांग की जाती रही है। जिससे किसानों को उचित दाम मिल सके। लांजी में लम्बे समय स्वीकृत मंडी प्रांगण को तैयार कर धान खरीदी प्रारंभ किया जाता है तो कुछ हद तक किसानों को अच्छा दाम मिल सकता है।

# जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत शनिवार को राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में जल है तो कल है विषय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि कैसे जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता कैसे करें और अधिक से अधिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन करें। साथ ही सभी उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओ को सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई । संगोष्ठी में चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने जल है तो कल है विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा। श्री पवन कुमार सोनी (सहायक प्राध्यापक) परामर्शदाता राजकुमार ब्यौत्रा, अवलेश पारधी शालू राऊत और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर के सभी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थिति रहें।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गोंगलई और लिंगा में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को ग्राम गोंगलई और लिंगा में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। यह हम में आत्मविश्वास विकसित करने के साथ ही हमारे व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायता करती हैं। साथ ही श्री धुर्वे ने निशुल्क विधिक सहायता योजना, साइबर अपराध से बचने के उपाय एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे भी उपस्थित ग्रामीणजनों को अवगत कराया। शिविर में उपस्थित श्री बंसत डहाके चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा डिफेंस काउंसिल योजना एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेन्टियर्स विजय सूर्यवंषी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



## भूजल स्तर सुधारने की कवायद, गंगा जल संवर्धन अभियान से मिली गति

# अमृत सरोवर बनाने में लक्ष्य को पार कर गया MP, 1000 का टारगेट-1117 निर्माण

प्रशासनिक संवाददाता, भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जलगंगा संवर्धन महाअभियान के तहत बनाए जा रहे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के जरिए बनाए जा रहे अमृत सरोवर निर्माण में मध्यप्रदेश लक्ष्य को पार कर गया है। मध्यप्रदेश में एक हजार अमृत सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने समय से पहले पूरा कर लिया है। अब तक प्रदेश में 1117 अमृत सरोवर बनाए जा चुके है।

प्रदेश में तीन माह तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन महाअभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी। यह अभियान तीस जून तक चलना है। इसमें अभी 43 दिन शेष है लेकिन समय से पहले ही अभियान के लक्ष्य पूरे हो रहे है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा के तहत प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रदेश में अब निर्धारित लक्ष्य से अधिक 1117 अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। अभियान के अंतर्गत कूप रिचार्ज पिट, बावड़ी, खेत-तालाब, बोरी बंधान, चेकडैम सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, नदियों की जल धाराओं को जीवित के लिए गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य किया जा रहा है।

### ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ने से किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर मिलेगा पानी

जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी सहेजना और पुराने जल स्त्रोतों को संवारना है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में प्रदेश में भू जल स्तर पर सुधार आएगा। कुओं, नलकूपों का जलस्तर बढ़ेगा। इसके साथ ही किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध होगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन जाने से प्रदेश का भू-जल स्तर बढ़ेगा। इससे जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मियों में कुओं, हैंडपंपों और ट्यूबवेल का जलस्तर कम नहीं होगा। इसके साथ ही, ग्रामीण आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। सिंचाई के साथ मछली पालन और सिंघाड़े की खेती सहित अन्य गतिविधियों में सरोवरों का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## 74 करोड़ से प्रदूषण मुक्त होंगे 41 निकायों में 48 तालाब

**भोपाल।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में स्थित झीलों और तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने नगरीय विकास एवं आवास विभाग संरक्षण एवं संवर्धन योजना चला रहा है। इस योजना के तहत 74 करोड़ रुपए से प्रदेश के 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ निर्मल बनाया जाएगा। इसके लिए यह राशि इन्हें अनुदान के रूप में जारी की गई है। जल संरक्षण एवं संवर्धन योजना में नगरीय निकायों को दी जाने वाली अनुदान राशि का प्रतिशत भी निर्धारित किया गया है। नगर निगम को कुल लागत राशि का 60 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद को 75 प्रतिशत और नगर परिषद को 90 प्रतिशत राज्य शासन की ओर से अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। अनुदान राशि के अलावा शेष राशि की व्यवस्था संबंधित नगरीय निकायों को स्वयं अपनी इनकम जनरेट करने के निर्देश हैं। योजना में नगरीय क्षेत्रों में झीलों एवं तालाबों की सीमा में होने वाले कटाव को रोकने संबंधी कार्य, झीलों एवं तालाबों के आस-पास बाउंड्रीवॉल बनाने, सघन पौधरोपण, लैम्प और फव्वारों की स्थापना के लिये नगरीय निकायों को राज्य शासन की ओर से अनुदान राशि दी जा रही है। नगरीय निकाय इस अनुदान राशि का उपयोग अपशिष्ट जल को रोकने, ट्रीटमेंट व्यवस्था, झील एवं तालाबों के किनारे सीवर पाईप व्यवस्था के लिये भी उपयोग कर रहे हैं।




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में मेट्रो-पोलिटन एरिया के गठन संबंधी मीटिंग की।

## सीएम ने ली बैठक, मेट्रोपॉलिटन एरिया को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

भोपाल, ब्यूरो

प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया के गठन के संबंध में आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश के महानगरों को आस-पास के नगरों के साथ जोड़ते हुए मेट्रोपॉलिटन एरिया का गठन किया जाना प्रस्तावित है। यह एरिया अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होने के साथ ही उद्योग, व्यापार, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी होंगे।

### बैरसिया में तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 4:40 बजे स्टेट हेंगर भोपाल से हेलीकॉप्टर से बैरसिया के लिए रवाना होंगे। बैरसिया में सीएम तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## भाजपा को भारी पड़ रही मंत्रियों की बयानबाजी

### मंत्रियों के विवादित बोल के बाद पार्टी का बड़ा फैसला मंत्री-विधायकों को बोलने का प्रशिक्षण देगी भाजपा

भोपाल। मप्र की भाजपा सरकार को इन दिनों अपने ही मंत्रियों की बदजुबानी के कारण लगातार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए अभद्र बयान ने पार्टी की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। वहीं अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना को लेकर एक विवादित बयान दे दिया है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का सेना को लेकर ये विवादित बयान उस समय सामने आया, जब वो जबलपुर में एक कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मोदी की तारीफ कर रहे थे। तभी वो पीएम मोदी की तारीफ करते करते सेना का अपमान कर बैठे। जगदीश देवड़ा ने कहा कि पाकिस्तान की आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक है। जिससे भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। इसके चलते अब भाजपा ने बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि भाजपा अपने मंत्री और विधायकों को बोलने का प्रशिक्षण देगी।

दरअसल मंत्रियों के विवादित बोल के बाद भाजपा ने यह बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत क्या बोलें क्या न बोलें, मंत्रियों और विधायकों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि जून माह में इसकी ट्रेनिंग होगी। प्रदेश के सभी 164 विधायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ट्रेनिंग भोपाल से बाहर की जाएगी। नर्मदा किनारे ट्रेनिंग हो सकती है। इसके लिए भाजपा ने सभी मंत्री, विधायकों को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संभलकर बोलने का संदेश दिया है।

### जैसे हम भीख मांगने आए हों...

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कुछ समय पहले राजगढ़ जिले के सुठालिया में लोधी समाज के एक सम्मेलन के दौरान कहा था कि, हर कोई आता है और मांगपत्र पकड़ा देता है... जैसे हम भीख मांगने आए हों...। मंत्री का यह बयान सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। विपक्ष ने इसे जनता का अपमान बताते हुए सरकार की सोच पर सवाल खड़े कर दिए। सोशल मीडिया पर भी मंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई।

### अतिथि हैं तो घर पर कब्जा करेंगे?

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अतिथि शिक्षकों को लेकर दी गई टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया था। एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा था कि सरकार अतिथि शिक्षकों के हितों की अनदेखी नहीं करेगी, लेकिन उनकी उपयोगिता की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा था कि जब उनका नाम ही अतिथि शिक्षक है, वे अतिथि बनकर आए हैं तो क्या घर पर कब्जा कर लेंगे? उनकी इस टिप्पणी पर शिक्षकों और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया आई थी। शिक्षकों का कहना था कि वे वर्षों से कम वेतन और अस्थायी स्थिति में सेवा दे रहे हैं, लेकिन अब उन्हें कब्जाधारी समझा जा रहा है।

### खाद वितरण मेरा काम नहीं

प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना ने कुछ महीने पहले एक अजीबोगरीब बयान दिया था। प्रदेश में खाद की किल्लत के समय मंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि प्रदेश में कहीं खाद की कमी नहीं है। अगर, कहीं खाद की कमी है तो मुझे बताएं, मैं खाद पहुंचा दूंगा। मंत्री ने कहा, कौन से जिले और कौन सी तहसील में खाद की आवश्यकता है, बताइए। हालांकि, यह उर्वरक विभाग का मामला है। इसका वितरण सहकारिता विभाग करता है। आप मुझसे पूछ रहे हैं तो मैं उत्तर दे रहा हूं। खाद वितरण मेरा काम नहीं है।

मंत्री विजय शाह ने सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की। बीते सोमवार को मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में शाह ने कहा था कि जिन आतंकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए।

## दमोह जिले का 58 हजार एकड़ क्षेत्र टाइगर रिजर्व को हैंडओवर

भोपाल, ब्यूरो

दमोह जिले के 58,000 एकड़ का जंगली रकबा रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हैंडओवर हो गया है। जिसके बाद जहां-जहां से टाइगर रिजर्व की सीमा लगती है, वहां अब नए नियम लागू हो जाएंगे। नौरादेही अभ्यारण्य के नाम से पहचान बनाने वाला अभयारण्य अब टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाएगा। इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा मिले एक वर्ष बीत चुका है। अब दमोह जिले का काफी बड़ा क्षेत्र भी इस टाइगर रिजर्व का हिस्सा बन गया है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दमोह जिले का तारादेही, तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, सिग्रामपुर का जंगली क्षेत्र शामिल हो गया है।

### नियमों के तहत होगी गतिविधियां

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के प्रभारी एसडीओ प्रतीक दुबे ने बताया कि दमोह जिले का लगभग 58,000 एकड़ जंगली क्षेत्र वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चला गया है, जो बफर जोन में शामिल हुआ है। दमोह डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया कि दमोह जिले का जो जंगली भाग वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लिए चिन्हित हुआ था, वह हैंडओवर हो चुका है। अब आगे जो भी उस क्षेत्र में गतिविधियां होंगी, वह वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नियमों के तहत होंगी।

### यह बना बफर जोन

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद दमोह जिले का जंगली क्षेत्र बड़ी मात्रा में चला गया था और अब टाइगर रिजर्व को हैंडओवर भी हो गया है। दमोह जिले का जो क्षेत्र वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गया है, वह बफर जोन में शामिल हुआ है। बफर जोन क्षेत्र का मतलब होता है कि वहां लोगों का आवागमन जारी रह सकता है, लेकिन यहां पदस्थ कर्मचारी अब दमोह जिले के नहीं बल्कि वीरांगना टाइगर रिजर्व के कर्मचारी माने जाएंगे। जानकारी के अनुसार तेजगढ़, झलोन, तारादेही और तेंदूखेड़ा रेंज का जंगली क्षेत्र जो अब वीरांगना टाइगर रिजर्व में गया है, वहां पदस्थ कर्मचारी भी अब सामान्य वनमंडल की जगह वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अधीन हो गए हैं।

### बढ़ रही है जानवरों की संख्या

सर्रा और झापन, ये दोनों रेंज दमोह जिले की सीमा में हैं, मगर यह पूर्व से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की रेंज रही हैं। यहां रहने वाले ग्रामीणों के अनुसार टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में जंगली जानवर हैं। बाघों के साथ तेंदुआ, नीलगाय, भालू समेत चीतल यहां पाए जाते हैं। लगभग एक माह पूर्व टाइगर रिजर्व में एक बाघिन ने भी चार शावकों को जन्म दिया है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि दो-तीन साल में तेंदूखेड़ा का जंगली क्षेत्र बाघों सहित अन्य जानवरों का आशियाना बनेगा। वर्तमान में बाघ को छोड़कर अन्य सभी जानवर जंगलों में मौजूद हैं।

उज्जैन सिंहस्थ 2028

## दो फर्मों को प्लानिंग-मॉनिटरिंग और को-ऑर्डिनेशन का जिम्मा

भोपाल, ब्यूरो

उज्जैन में साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला क्षेत्र में तकनीक से जुड़े तमाम कामों को करने के साथ सभी तैयारियों के बीच कोऑर्डिनेशन बनाने के लिए सरकार ने दो निजी फर्में तय कर दी हैं। ये जल्द ही उज्जैन में 50 फीसदी मैन पॉवर के साथ काम शुरू कर देंगे।

ये निजी फर्में नगरीय विकास विभाग की मॉनिटरिंग में काम करेगी। दोनों फर्मों को सिंहस्थ की प्लानिंग में भी शामिल किया जाएगा, ताकि प्रयाग महाकुंभ की तरह सिंहस्थ में भी पुख्ता तैयारी रहे। आईटी से जुड़ी सुविधाओं के लिए ईवाई और प्रोजेक्ट समन्वय के लिए ग्रांट थ्रोनटन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के तौर पर समन्वय करेगी। आईटी फर्म (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम) में 6 तो प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट में 30 सदस्य जुड़ेंगे।सिंहस्थ के वर्तमान में जारी और प्रस्तावित कामों की बेहतर समीक्षा के लिए आईटी फर्म ने डैश-बोर्ड तैयार कर लिया है। जल्द चीफ सेक्रेटरी -एसीएस की समीक्षा के बाद सिस्टम को शुरू कर दिया जाएगा।

### प्रयागराज महाकुंभ में भी शामिल थी दोनों एजेंसियां

दोनों ही एजेंसियां प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन में शामिल थीं। हाल ही में इन्हे नगरीय विकास एवं आवास विभाग में टेंडर के द्वारा नियुक्ति मिली है। पहली फर्म आईटी से जुड़ी योजनों तो दूसरी फर्म क्राउड मैनेजमेंट सहित तमाम प्रोजेक्ट संभालेगी।

## 4 साल से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के भी होंगे तबादले

प्रशासनिक संवाददाता, भोपाल




मध्यप्रदेश के सरकारी महकमों में चार साल से एक ही स्थान पर जमे मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रदेश, संभाग, जिला , तहसील और विकसखंड स्तर के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्षों के भी तबादले किए जाएंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, सभी कमिश्नर और कलेक्टरों को निर्देश जारी कर कहा है कि राज्य और जिला स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति में राज्य शासन से पत्राचार करने की मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को पद पर नियुक्ति से दो पदावधि के लिए ही तबादलों से छूट दी जाएगी। इस छूट का लाभ ये पदाधिकारी पूरे सेवाकाल में नियमानुसार दो पदावधि के लिए ही ले पाएंगे। चार वर्षो से अधिक पदस्थापना अवधि पूर्ण होंने पर प्रशासकीय आवश्यकतानुसार ऐसे पदाधिकारियों को भी स्थानांतरित किया जा सकेगा। यदि कर्मचारी संघों के पदाधिकारी पहले ही चार वर्ष की अवधि का तबादलों में छूट से लाभ ले चुके है तो उन्हें अब इसका लाभ नहीं दिया जाएगा।

### कार्यकाल सहित कलेक्टर, विभाग प्रमुख को देनी होगी सूचना

मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों द्वारा निर्वाचन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची उनके कार्यकाल सहित संबंधित कलेक्टर को दी जाएगी इसके साथ साथ संबंधित विभाग प्रमुख जहां वे कार्यरत हो तथ सामान्य प्रशासन विभाग कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ को तीस अप्रैल की स्थिति में सौंपना होगा। जिन पदाधिकारियों की सूची तीस अप्रैल की स्थिति में प्राप्त होगी केवल उन्हीं पदाधिकारियों को स्थानांतरण से छूट का लाभ दिया जाएगा।

### पिछली बार इंदौर और सूरत को मिला था संयुक्त पुरस्कार

## डेढ़ माह पहले स्वच्छता सर्वेक्षण, अब तक नहीं आए परिणाम

**प्रीमियर लीग में शामिल इंदौर के साथ-साथ सूरत और नवी मुंबई है नंबर वन की दौड़ में**

भोपाल, ब्यूरो

इंदौर नगर निगम को भरोसा है कि आठवीं बार सफाई में फिर वह फिर नंबर वन बनेगा, लेकिन अब तक परिणाम नहीं आए है। इंदौर सहित देश के चार हजार नगर निगमों में डेढ़ माह पहले ही स्वच्छता सर्वेक्षण हो चुका है। वर्ष 2024 स्वच्छता सर्वेक्षण घोषित ही नहीं हुआ, क्योकि सर्वेक्षण ही छह माह लेट हुआ था। इसका असर परिणामों की घोषणा पर भी नजर आ रहा है।

पिछले साल जनवरी में परिणाम घोषित हो चुके थे, लेकिन इस साल तो स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए ही टीम मार्च माह में आई। इंदौर नगर निगम सर्वेक्षण से पहले चार माह तक तैयारी करता रहा था। मार्च में सर्वेक्षण आठ दिन तक चला, लेकिन सर्वेक्षण के डेढ़ माह बीतने के बावजूद अभी तक परिणाम नहीं आए है। इस बार इंदौर के अलावा सूरत और नवी मुंबई भी नंबर वन रैंकिंग की दौड़ में है। पिछले साल इंदौर के साथ सूरत शहर को संयुक्त पुरस्कार मिला था।

इंदौर रैंकिंग में सबसे ज्यादा नंबर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में पाएगा। यह व्यवस्था इंदौर में दूसरे सभी शहरों से अच्छी है। लोग खुद अलग-अलग कचरा फेंकते है।इंदौर की स्वच्छता में सबसे बड़ी ताकत लोगों की जनभागीदारी है। लोग कचरा घरों और संस्थानों में संभालकर रखते है। उन्हें खुले में नहीं फेंकते। सुबह आने वाले कचरा वाहनों में ही उसे डाला जाता है।

### प्रीमियर लीग में शामिल इंदौर

इस बार इंदौर को प्रीमियर लीग में शामिल किया गया है। इसमें सूरत और नवी मुंबई भी है। तीनों शहरों में स्वच्छता के आंकलन का पैमाना अलग रहा। पिछले साल तीनो शहर टॉप थ्री में थे,हालांकि इस बार सर्वेक्षण के समय भी इंदौर की स्वच्छता कमजोर रही। सर्वेक्षण के समय शहर की गंदी बेकलेन के कारण इंदौर को नंबर कम मिल सकते है। इस बार शहर के नाले प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पाया।

# प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखने जीटी के सामने उतरेगी डीसी

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में अब मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर को बदल सकता है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में एक बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी और पहले छह में से पांच मैच जीते थे, लेकिन फिर प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव आया। अब टीम 11 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए, उसे अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे, खासकर गुजरात जैसी मज़बूत टीम के खिलाफ।

दिल्ली के लिए चिंता का सबसे बड़ा कारण उसके प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का टूर्नामेंट से बाहर हो जाना है, जिससे गेंदबाजी इकाई पर दबाव बढ़ गया है। उनकी गैरहाजरी में तेज गेंदबाज



दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और टी नटराजन को अब अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव ने अब तक सबसे शानदार प्रदर्शन किया है, जिन्होंने 12 विकेट झटके हैं और उनकी इकॉनमी रेट 6.74 रही है। बल्लेबाजी में केएल राहुल टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने अब तक 381 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142.16 का रहा है। उनके साथ अभिषेक पोरेल ने भी शीर्ष क्रम में अच्छा साथ निभाया है। अक्षर पटेल और आशुतोष शर्मा जैसे ऑलराउंडरों ने निचले क्रम में अहम योगदान दिए हैं।

वहीं, गुजरात टाइटन्स इस सीजन की सबसे संतुलित और सफल टीमों में से एक रही है। टीम ने 11 में से 8 मुकाबले जीते हैं और 16 अंकों के साथ शीर्ष दो में शामिल होने के करीब है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर लगातार रन बना रहे हैं और सभी ने 500 से अधिक रन बना लिए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने भी मध्यक्रम में शानदार खेल दिखाया है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की जोड़ी अब तक 35 विकेट ले चुकी है और कगिसो रबाडा की वापसी से गेंदबाजी और मज़बूत हो सकती है। स्पिन विभाग में राशिद खान और साई किशोर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं।

अरुण जेटली स्टेडियम की पिच इस सीजन हाई-स्कोरिंग रही है और टॉस का रोल अहम हो सकता है। ऐसे में दिल्ली को वापसी की राह पर लौटने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी, जबकि गुजरात टाइटन्स अपनी स्थिति और मज़बूत करना चाहेगी।

### दिल्ली कैपिटल्स की संभावित प्लेइंग इलेवनः

फाफ डु प्लेसिस/करुण नायर, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), केएल राहुल, समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स/डोनोवन फरेरा, माधव तिवारी, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा/मुस्तफिजुर रहमान, कुलदीप यादव, टी नटराजन। इंपेक्ट प्लेयरः आशुतोष शर्मा

### गुजरात टाइटन्स की संभावित प्लेइंग इलेवनः

साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेट कीपर), राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, साई किशोर, अरशद खान, कागिसो रबाडा/गेराल्ड कोएत्ज़ी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। इंपेक्ट खिलाड़ीः वाशिंगटन सुंदर।

## इंडिया ए स्क्वॉड में हुआ चयन

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए स्क्वॉड की घोषणा की। टीम में करुण नायर का नाम देख हर कोई खुश था। दरअसल, करुण ने 2024-25 के घरेलू सीजन में रनों की बौछार कर दी थी। जिसका इनाम उन्हें इंडिया ए के स्क्वॉड में चयन के रूप में मिला है। बता दें, इंडिया ए इंग्लैंड में तीन चार दिवसीय मैच खेलेगी, इसमें से दो मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और 6 से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेलने है। इसके अलावा एक मैच टीम सीनियर टीम इंडिया के खिलाफ खेलेगी।

करुण ने 2016-17 के बीच भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेल चुके थे। इसके बाद वे अचानक टीम से बाहर हो गए और फिर चयनकर्ताओं ने उनकी ओर मुड़कर नहीं देखा। नायर ने 2022 में पोस्ट किया था जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो' अब दो-तीन साल की मेहनत के बाद उन्हें टीम में मौका मिला है, तब पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी उनके लिए कुछ ऐसा ही पोस्ट किया है, जो पलभर में वायरल हो गया। पठान ने लिखा, करुण का इंडिया ए में चयन इसका स्पष्ट संकेत है कि डियर क्रिकेट उन्हें फिर से टीम इंडिया के लिए खेलने का एक और मौका देगा।'

इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए का स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (वीसी) (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होने है।

## श्रेयस अय्यर का इंडिया ए टीम में नहीं हुआ चयन, जबकि तीन फिसड्डी बल्लेबाज के नाम सूची में

मुंबई। इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा हुई है। टीम की चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इसकी घोषणा की जिसमें कुछ नए नाम दिखाई दिए। गंभीर ने विश्वास जताया कि इंग्लैंड के कठिन दौरे के लिए कई खिलाड़ियों की परीक्षा भी होगी। इसी बीच टीम में श्रेयस अय्यर का नाम न होने से फैंस हैरान हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे श्रेयस की टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद थी लेकिन अभी यह संभव होती दिख नहीं रही है। जो टीम चुनी गई है जिसमें तीन खिलाड़ी हैं जिनकी औसत श्रेयस से बेहतर नहीं है लेकिन बावजूद श्रेयस को टीम में चुना नहीं गया।

### इनकी औसत है कम

साई सुदर्शन -39

रुतुराज गायकवाड़ - 42

करुण नायर - 44

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में श्रेयस अय्यर

पारीः 137

रनः 6,363

औसतः 48.57

100 रनः 15

50 रनः 33

आंकड़े बताते हैं कि औसत और अनुभव के मामले में श्रेयस इन खिलाड़ियों से कई गुना बेहतर है, लेकिन बावजूद इसके उन्हें टीम में मौका नहीं मिला। अब फैंस इस बात की उम्मीद लगाकर बैठे हैं कि अगर श्रेयस आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को चैंपियन बना दे



हैं, तब चयनकर्ताओं के साथ कोई बहाना नहीं होगा कि वह श्रेयस को टीम में न चुने। वही बीसीसीआई की चयन समिति ने टेस्ट कॉल अप के लिए घरेलू मानदंड बनाए है लेकिन इसके बावजूद इसके वे खिलाड़ी जोकि श्रेयस के आसपास भी नहीं है, उन्हें वरीयता दी जा रही है। अगर हालिया फॉर्म की बात की जाए अय्यर इसमें भी आगे हैं क्योंकि मार्च में हुई चैंपियंस ट्रॉफी में वह सर्वोच्च स्कोरर थे। साई सुदर्शन इस समय आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन हमें यह भूलना नहीं होगा कि श्रेयस अय्यर भी आईपीएल में उनके बराबर रन बना रहे हैं।

## जब 21 को आईपीएल खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो यह खास होगा- रोहित

मुंबई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलना का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित शर्मा, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का भी उद्घाटन किया।

7 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रोहित ने कहा कि जो आज हो रहा है, वह मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं।

पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा कि मैं अभी भी खेल रहा हूं मैंने दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 मई को मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल खेलूंगा और मेरे नाम का



स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिए जो भी कुर्बानियां दी है, मैं उनका भी आभारी हूं। पवार साहेब और सीएम देवेंद्र फड़नवीस को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया। इस मौके पर सीएम फणवीस ने कहा कि एमसीए अगर नया स्टेडियम बनाने के लिए, प्रस्ताव भेजता है तो इसके लिए सरकार जमीन देगी।

## क्रिकेट में विशाल योगदान के लिए वानखेड़े स्टेडियम में बना रोहित के नाम का स्टैंड

मुंबई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के नाम से स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को उनके क्रिकेट में योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं।

रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर भी इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह फैसला लिया था। पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। सीजफायर लागू होने और आईपीएल आज यानी 17 मई को फिर से शुरू हो रहा है। स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में की गई थी, औपचारिक अनावरण से




पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। रोहित जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, रोहित ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे अवास्तविक अनुभव बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर सके थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई।

रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है। उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब जितवाए। टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी कप्तानी में मिली जीत ने उनकी विरासत को और मजबूत किया है, जिसके चलते एमसीए ने उन्हें उनके घरेलू मैदान पर अमर कर दिया। प्रशंसक 21 मई 2025 को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा स्टैंड से उनके लिए उत्साहवर्धन करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## हैंडबॉल खिलाड़ी वेबर ने इंजरी के बाद शुरू किया था जैवलिन थ्रो फेंकना

नई दिल्ली। दोहा डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने 90 मीटर दूर भाला फेंका तो पूरे देश को उन पर गर्व हुआ। नीरज ने पहली बार इस दूरी को हासिल किया है। दोहा डायमंड के लीग के पांच थ्रो तक नीरज आगे चल रहे थे, लेकिन आखिरी थ्रो में जर्मनी के जूलियन वेबर ने नीरज को पीछे छोड़ दिया और बाजी अपने नाम कर ली। छठे थ्रो में वेबर ने 91.06 मीटर दूर भाला फेंक नीरज चोपड़ा से आगे निकल गए।

बता दें जर्मनी के जूलियन वेबर जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा के लिए सबसे बड़े प्रतिद्वंदी में से एक रहे हैं। दोनों के बीच करीब एक दर्जन से ज्यादा बार टक्कर हुई है, जिसमें ज्यादातर नीरज ने जीत हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा, लेकिन दोहा डायमंड लीग में जूलियन ने अपना पूरा दम लगाकर नीरज को पीछे छोड़ दिया।

बता दें कि जूलियन वेबर शुरुआत में हैंडबॉल खेलते थे। उन्होंने अपने भाई को देखकर हैंडबॉल शुरू किया था, कुछ समय बाद ही हैंडबॉल में उन्हें इंजरी हो गई, जिसके बाद वह जैवलिन थ्रो खेलना शुरू कर दिया। वेबर की जैवलिन थ्रो पहली बड़ी उपलब्धि साल 2013 में यूरोपीय जूनियर चैंपियनशिप में रही जब उन्होंने पांचवें दौर के 79.68 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता।

इस साल जूनियर प्रतियोगिता में 79.68 मीटर के थ्रो में वर्ल्ड रिकॉर्ड था।

## इंडिया ए स्क्वॉड की कमान अभिमन्यु ईश्वरन को

मुंबई। इंडिया ए स्क्वॉड का इंग्लैंड दौरे के लिए शुक्रवार को ऐलान हुआ, इसमें कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें करुण नायर का नाम भी हैं, जिन्हें घरेलू क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। इस दौरे के हिस्से के रूप में, भारत ए 30 मई और 6 जून को कैंटरबरी और नॉर्थम्प्टन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा, और फिर 13 जून को बेकेनहम में भारतीय टीम के खिलाफ एक अंतर-दस्ता मैच के साथ दौरे का समापन करेगा।

टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दी गई हैं, जो बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट में दिग्गज रहे हैं, जिसके नाम 101 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.87 की औसत से 7,674 रन, 27 शतक और 29 अर्धशतक हैं। हालांकि, पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन खराब रहा था, जहां उन्होंने चार पारियों में केवल 36 रन बनाए थे। दूसरे मैच से पहले बल्लेबाज शुभमन गिल और साई सुदर्शन टीम में शामिल होने वाले है। वर्तमान में, वे गुजरात टाइटंस (जीटी) की बल्लेबाजी की रीढ़ हैं, जिन्होंने 11 मैचों में 508 रन (पांच अर्धशतक) और 509 रन (पांच अर्धशतक) बनाए हैं।



भारत ए शेड्यूलः

1. 30-मई से 02-जून-25- कैंटरबरी में प्रथम श्रेणी

2. 06 से 09 जून 25- नॉर्थम्प्टन में द्वितीय प्रथम श्रेणी

3. 13 से 16 जून 25 - बेकेनहैम में इंट्रा-स्क्वाड

विदर्भ के स्टार नायर के लिए 2024-25 का घरेलू सीजन बेहतर रहा, जिसमें उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 863 रन बनाए, इसमें 53.93 की औसत से चार शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। फाइनल में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 135 रन की थी, और उनकी टीम विजेता बनी। विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में नायर ने 779 रन बनाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी नायर ने छह पारियों में 255 रन बनाए।

भारत ए टीम- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उप-कप्तान) (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

## 20 जून से शुरु होगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, रोहित-विराट के बगैर उतरेगी टीम

### अब तक हुए 136 टेस्ट मैचों में भारत 35 और इंग्लैंड ने जीते हैं 51 मैच

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरु होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बगैर भारत यह सीरीज में उतरेगा। भारत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ खराब रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इंग्लैंड से बहुत पीछे है। भारत और इंग्लैंड की टीमें टेस्ट फॉर्मेट में अब तक 136 मुकाबले खेल चुकी हैं। इन 136 मैचों में भारत ने 35 जीते मैच हैं जबकि इंग्लैंड ने 51 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 50 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। दोनों टीमों के बीच जीत हार का अंतर काफी ज्यादा है। ऐसे में टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ मजबूती से खेलना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने भारत आई थी, जिसमें भारत ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने 712 रन बनाए और रविचंद्रन अश्विन ने 26 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जैक क्रॉली और टॉम हार्टले ने 407 रन और 22 विकेट लेकर अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार कौन बेहतर प्रदर्शन करेगा ये देखना दिलचस्प होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम का चयन पैनल 23 या 24 मई तक हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक शुभमन गिल को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है। गिल को अभी तक टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व की भूमिका नहीं दी गई है। वह लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में उप-कप्तान हैं और पिछले साल जिम्बाब्वे में पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान उन्होंने भारत का नेतृत्व किया था।

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूलः

पहला टेस्टः 20 से 24 जून

दूसरा टेस्टः 02 से 6 जुलाई

तीसरा टेस्टः 10 से 14 जुलाई

चौथा टेस्टः 23 से 27 जुलाई

पांचवां टेस्टः 31 जुलाई से 4 अगस्त

## दो साल से किक्रेट से दूर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज ने टेस्ट कप्तान नियुक्त किया

नई दिल्ली। ऑलराउंडर रोस्टन चेस को शुक्रवार को वेस्टइंडीज टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। हालांकि उन्होंने दो साल से अधिक समय से कोई टेस्ट नहीं खेला है। चेज ने अपना आखिरी टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 8 मार्च, 2023 को खेला था। उसके बाद डब्ल्यूआई की टीम 13 मैच खेल चुकी है। 33 वर्षीय चेस क्रैग ब्रैथवेट की जगह लने वाले हैं, जिन्होंने तीन साल बाद मार्च में पद से इस्तीफा दे दिया था। वह इससे पहले वेस्टइंडीज के लिए वनडे और टी20 में एक-एक मैच में कप्तानी कर चुके हैं। चेस का पहला असाइनमेंट जून-जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू सीरीज का होगा। 2016 में डेब्यू करने वाले चेस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट अपने 50वें टेस्ट के रूप में खेलने वाले है। बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन उप-कप्तान बनाए गए है। टेस्ट क्रिकेट में चेज का प्रदर्शन साधारण रहा है। इस ऑफ स्पिनर ने 46 की औसत से 85 विकेट लिए हैं, और मीडिल ऑर्डर बैट्समैन के रूप में 26 की औसत से 2,200 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। चेस ने कप्तानी की रेस जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ियों से जीती है। बता दें, वनडे और टी-20 के कप्तान शाई होप ने टेस्ट की कप्तानी पर विचार करने से इंकार कर दिया था। वेस्टइंडीज के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने चेस को चुनने से पहले तकनीक अप्रोच, लीडरशिप स्टाइल, और बिहेवियन जैसे कई मुद्दों पर विचार किया।

## दिल्ली टीम ने फिर जुड़े फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स

दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों के लिए साउथ अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के फिर से टीम से जुड़ने की घोषणा कर दी। हालांकि टीम की तरफ से बताया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवेन फेरेरिया उपलब्ध नहीं हैं। अपने बयान में डीसी ने स्टार्क और फेरेरिया के आईपीएल के बाकी मैचों के लिए भारत न लौटने के उनके फैसले को सपोर्ट किया है।

स्टार्क की गैरमौजूदगी के बाद दिल्ली ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया है। रहमान भी स्टार्क की तरह ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, उन्हें जैक फ्रेजर मैकगर्क की जगह लिया गया है। मैकगर्क निजी वजहों से भारत वापस नहीं लौट रहे हैं। मैकगर्क का वापस न आना दिल्ली के लिए झटका है। वह मौजूदा समय के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हैं। वहीं मुस्तफिजुर रहमान के जुड़ने से टीम की गेंदबाजी खासकर तेज गेंदबाजी मजबूत हुई है। मैकगर्क के न आने की वजह से डीसी को रहमान को जोड़ने और स्टार्क की कमी को पूरा करने का मौका मिल गया है।

मुस्तफिजुर रहमान मेगा ऑक्शन में शामिल थे, लेकिन अन्य बांग्लादेशी खिलाड़ियों की तरह रहमान को भी तब किसी टीम ने




नहीं खरीदा था। मुस्तफिजुर रहमान पिछले सीजन सीएसके का हिस्सा थे। वे 2016 से आईपीएल खेल रहे हैं और अब तक 57 मैचों में 61 विकेट ले चुके हैं। रहमान 2022-2023 सीजन में डीसी का हिस्सा रह चुके हैं।

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत शानदार तरीके से की थी और प्लेऑफ में उसका पहुंचना तय था लेकिन पिछले पांच मैच इस टीम के लिए अच्छे नहीं रहे और अब टीम पर प्लेऑफ से बाहर होने खतरा मंडरा रहा है। डीसी के 11 मैचों में 6 जीत और 4 हार के बाद 13 अंक है। एक मैच का बारिश के कारण कोई नतीजा नहीं निकला था इसलिए एक अंक टीम को मिल गया था। फिलहाल दिल्ली अंक तालिका में 5वें नंबर पर है।

# मौसम में फिर आया बदलाव

## अंजुमन शादी हाल के पास बिजली खंभे पर गिरी आसमानी बिजली, कोई हताहत नही



बालाघाट(पदमेश न्यूज)। मई माह के शुरुआती दौर से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है।जो मई माह के मध्य में भी आए दिनों देखा जा रहा है। जहां भीषण गर्मी और चिपचिपाती धूप के बीच अचानक मौसम में बदलाव के साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्य के बीच बारिश देखी जा रही है।जिसका सीधा फायदा जिले के किसानों को मिल रहा है।तो आए दिनों वही नर्म -गर्म मौसम, कभी कड़ी धूप, कभी आँधी तूफान और कभी बारिश के चलते इसका सीधा असर लोगो के स्वास्थ पर पड़ रहा है।जिले में असामान्य तापमान, लोगों की आम दिनचर्या से लेकर मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है।जिसका एक नजारा बीती शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी देररात देखने को मिला।जहा रात्रि 11 बजे के बाद मौसम में अचानक बदलाव हुआ और 11:30 के बीच हल्की बारिश शुरू हो गई जो जल्द ही तेज बारिश तब्दील हो गई।जो करीब एक से ढेड़ घण्टे तक चलती रही। जबकि शनिवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्मी महसुस हो रही है।जिसका सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### विघुत खंभे पर गिरी आसमानी बिजली,मचा हड़कंप, जान बचाकर भागे युवा

मौसम में आए इस अचानक बदलाव के चलते एक से डेढ़ घंटा तक रिमझिम बारिश देखने को मिली। तो वही बताया गया कि बारिश के दौरान नगर के अंजुमन शादी हाल के समीप विद्युत खंभे पर आसमानी बिजली गिर गई।जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया और युवा जान बचाकर इधर उधर भागते नजर आए। हालांकि इस घटना में किसी के जान माल के नुकसान या किसी की हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि आसमानी बिजली गिरने के दौरान कुछ युवक खम्भे के पास ही मोटरसाइकिल पर बैठे हुए थे। जैसे ही आसमानी बिजली गिरी वैसे ही युवक इधर-उधर भागने लगे।गनीमत यह रही कि आसमानी बिजली की चपेट में कोई नहीं आया और यहां एक बड़ा हादसा टल गया।

### 22 मई तक तेज गर्मी की संभावना

जिले में बीते दिनों से तेज गर्मी का अहसास दिन और रात में भी महसुस हो रहा है। दिन में मई की धूप ने वैसे ही लोगों को घरो में कैद कर रखा है, वहीं सड़को पर भी लोगों की आवाजाही पर असर पड़ा है। हालांकि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई बारिश से तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी है। जहां शुक्रवार को तापमान 34 डिग्री सेल्सियस था। वहीं रात में हुई बारिश से पारा लुढ़कर 33 डिग्री सेल्यिस पर पहुंच गया है। हालांकि मौसम विभाग के जारी पूर्वानुमान में बालाघाट में आगामी 22 मई तक तेज गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलेंगे।

### रबी फसल के लिए वरदान

मौसम बदलने के कारण हो रही बारिश के चलते, पड़ रही गर्मी से कुछ देर के लिए राहत मिली है।हालांकि खेतो में लगी धान के लिए यह पानी, अमृत बनकर बरसा है।जहां इस बारिश से किसानों के चेहरे फिर से खिल उठे हैं। क्योंकि वर्तमान समय में किसानों की धान की फसल को आखिरी पानी की आवश्यकता है। ऐसे में यह बारिश किसानों की फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### स्वास्थ्य की दृष्टि से मौसम परिवर्तन बिलकुल ठीक नहीं है- निलय जैन

दिन में तेज गर्मी और रात में बारिश से मौसम में हो रहे परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर को लेकर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान बताया कि ऐसा मौसम, स्वास्थ्य की दृष्टि से बिलकुल ठीक नहीं है।चेंज ऑफ क्लाईमेट से बॉडी के मेटाबॉलिज्म पर इसका असर पड़ता है। वायरस और बैक्टिरिया एक्टिव हो जाते है। जिससे सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, वायरल फीवर और डायरिया जैसी, बीमारी होने लगती है। व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है तो मौसम में परिवर्तन से वह व्यक्ति, बीमारियों से ग्रसित हो सकता है। जिसके लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, के मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगासे ने बताया कि 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में 17 से 21 मई की अवधि में आंधी तूफान, बिजली और तेज सतही हवाओं की स्थिति उत्पन्न होने के साथ हल्की वर्षा, मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।अधिकतम तापमान 35.9 से 37. 8 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूयनतम तापमान 25.1 से 26.5 डिग्री सेलिसियस तथा सुबह हवा में 74 से 91 प्रतिशत तथा दोपहर में 37 से 47 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 52 से 8 किलो मीटर प्रति घंटे दक्षिण पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है। उन्होंने किसानों को बढ़ते तापमान को देखते हुए खड़ी फसलों एवं सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है।

## एसआईए की कश्मीर में छापेमार कार्रवाई जारी, मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं 6 आतंकी

श्रीनगर। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) कश्मीर ने शनिवार को आतंकी साजिश मामले में कई जगह छापे मारे। यह छापेमार कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब पिछले दिनों संयुक्त कार्रवाई में पुलिस और सेना ने 6 आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। छापे श्रीनगर, गंदेरबल, हंदवाड़ा में मारे गए। पहलगाम अटैक के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक और दोनों ओर से हवाई हमलों के बाद सीजफायर के बाद सेना काफी सजग है। आतंकियों के सहयोगियों और ओवरग्राउंड वर्करों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

शनिवार को आईजीपी कश्मीर ने बताया था कि दो अलग-अलग ऑपरेशन हुए। कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षाबलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। इसके बाद ऑपरेशनों पर ध्यान दिया गया। पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए गए। ये दो ऑपरेशन केरन और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल 6 आतंकवादियों को मार गिराया। शोपियां में शाहिद को ढेर किया गया जो सरपंच हत्या और रिसॉर्ट के ऊपर टूरिस्ट अटैक में शामिल था। उसका साथी अप्रवासी मजदूर को मारने में शामिल था।

## मुंबई एयरपोर्ट से दो आतंकी पकड़ाए, बम बनाने और परीक्षण में थे माहिर

मुंबइ। आतंकवाद के खिलाफ भारत को एक और बड़ी सफलता मिली है भारत के दो मोस्ट वांटेड आतंकी धराए हैं एनआईए यानी केंद्रीय जांच एजेंसी दो भगोड़े आतंकवादियों को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है दोनों आंतकियों की पहचान अब्दुल्ला फैज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान के रूप में हुई है ये दोनों आतंकी इंडोनेशिया के जकार्ता में छिपे हुए थे भारत लौटने पर इमिग्रेशन विभाग ने उन दोनों को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका इसके बाद एनआईए ने अरेस्ट किया। सूत्रों का कहना है कि अबुद्लाल फैज शेख और तल्हा खान दोनों आतंकियों पर 2023 के पुणे आईईडी केस के आरोपी हैं इसमें उसके ऊपर आईईडी (बम) बनाना और उसका परीक्षण करना जैसे आरोप शामिल हैं ये दोनों भारत में आतंकी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर सेल हैं एनआईए विशेष अदालत ने दोनों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए थे इतना ही नहीं, इन दोनों की जानकारी देने पर 3-3 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

## नक्सलयों के खिलाफ अभियान में लगे जवानों पर गिरी बिजली

चाईबासा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने झारखंड में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सेकंड इन कमांडर की मौत हो गई। चाईबासा के छोटानागरा और जराईकेला थाने के सीमावर्ती जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस अभियान चला रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलिबा के आसपास तेज बारिश के बीच अभियान में लगे जवानों के लिए कहर बनकर टूटी। सीआरपीएफ ने सोशल मीडिया एक्स पर अधिकारी का फोटो शेयर करते हुए लिखा- 15 मई 2025 को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के छोटानागरा क्षेत्र में सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन की ओर से माओवादी विरोधी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सेकंड-इन-कमांड महारबाम प्रभु सिंह की बिजली गिरने से मौत गई। सीआरपीएफ इस बहादुर अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस शोक की घड़ी में पूरा बल शोकग्रस्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ा है। महारबाम प्रभु सिंह के साथ मौजूद सहायक कमांडेंट सुबीर कुमार मंडल भी घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल नोवामुंडी रेफर किया गया है। इस घटना में झारखंड पुलिस के दो जवान भी घायल हुए हैं। सीआरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि दोनों अधिकारी ऑपरेशन में सबसे आगे थे, जब बिजली गिरी तो वह चुनौतीपूर्ण मौसम और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में अपने जवानों का मार्गदर्शन कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, जिससे क्षेत्र में खतरे और बढ़ गए हैं। इस घटना में सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी एम प्रोबो सिंह, सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश भगत और चंदलाल हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान एम प्रोबो सिंह की मौत हो गई । जबकि अन्य घायल जवानों की स्थिति स्थिर है।

बता दें झारखंड में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ और पुलिस संयुक्त कार्रवाई कर रही है। 12 मई को झारखंड के चाईबासा जिला अंतर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के जमीन के नीचे लगाई गई आईईडी की चपेट में आने से झारखंड पुलिस बल का एक जवान घायल हो गया था। वहीं मार्च में चाईबासा के जराईकेला थाना क्षेत्र में भी नक्सलियों के बिछाए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के एक असिस्टेंट कमांडेंट सहित सुरक्षा बल के तीन जवान घायल हो गए थे।

## सुरक्षा और हिंदुत्व के रखवाले हैं पीएम मोदी- उपमुख्यमंत्री शिंदे

ठाणे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरीफ में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में एक कार्यक्रम के दौरान देश की सुरक्षा और हिंदुत्व को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुत्व की विचारधारा को खुलकर आगे बढ़ाने वाले नेता हैं और उन्होंने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर यह साबित कर दिया है कि भारत अब किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटता है।एकनाथ शिंदे ने कहा, पीएम मोदी जो भी करते हैं, खुलेआम करते हैं, छिपकर नहीं। आज पाकिस्तान को करारा जवाब देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है।

ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के एयरबेस तबाह कर दिए गए, आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। आज दुनिया ने भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत देखी है। पूरा देश हमारी सेना और प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। शिंदे ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह इंडिया गठबंधन नहीं, इंडी गठबंधन है। यह पहले ही बिखर चुका है। जब यह गठबंधन भारतीय सेना पर सवाल उठाता है, तो यह देशहित में नहीं है। ऐसी राजनीति निंदनीय है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की जनता अब जागरूक है और वह जानती है कि देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए कौन खड़ा है। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और सरकार की दृढ़ता की सराहना की और विपक्ष पर राष्ट्रविरोधी मानसिकता का आरोप लगाया।

## दुष्कर्म के आरोपी अभिनेता एजाज खान की मुश्किलें बढ़ीं, जमानत याचिका खारिज

मुंबई। दुष्कर्म के मामले में अभिनेता एजाज खान को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मुंबई के दिंडोशी सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। एजाज खान के खिलाफ मामला मुंबई के चारकोप थाने में दर्ज किया गया था। एक महिला अभिनेत्री ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि एजाज ने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया और आर्थिक तथा प्रोफेशनल मदद का झूठा वादा किया। एजाज खान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी।

## 17 विभागों ने नक्सल प्रभावित ग्राम कादला में लगाया शिविर ग्रामीणों से हुए रूबरू




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शनिवार को पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के 17 विभागों के समन्वय से जनपद पंचायत लांजी की वनांचल अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत खांडाफरी के ग्राम कादला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणजनों को शासन द्वारा चलाई जा रही सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही जनहित कल्याण के लिए व्यक्तिगत लाभ दिलाने वाली सभी कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के बारे में भी बताया गया। इस शिविर में आईजी श्री संजय कुमार सहित जिला प्रशासन और विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाएं और उनके पाने के लिए आवेदनो के सम्बंध में जानकारियां दी।

### इन विभागों का रहा समन्वय

कार्यक्रम में राजस्व, पंचायत विभाग, आयुष्मान भारत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता, खाद्य विभाग, वन, जन जातीय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पुलिस विभाग, पशु पालन विभाग, आजीविका मिशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास ,पेंशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभान, स्कूल शिक्षा एवं अन्य सभी विभागों में चल रहे जनकल्याण कारी कार्यक्रमों को विस्तृत रूप से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

### विभागों के प्राप्त आवेदन काउंटर में हुए संकलित

कार्यक्रम के दौरान समस्त विभाग के प्राप्त होने वाले आवेदन का काउंटर में संकलन किया गया। तत्पश्चात अन्य विभाग के लगे काउंटर पर आवेदन निराकरण के लिए भेजे गए। साथ ही तत्काल निराकरण वाले आवेदन को निराकृत किया गया एवं शेष आवेदन को संकलित कर निराकरण के लिए भेजे गए। साथ ही लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र हितग्राही को वितरण किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक सराफ, एसडीओपी आदर्शकान्त शुक्ला, एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहसार, जनपद सीईओ लांजी रामगोपाल यादव, तहसीलदर, खंड स्तरीय सभी विभाग प्रमुख, स्थानीय जन प्रतिनिधि बीडीसी सभापति दिनेश लाड़, खंडफारी सरपंच राजू सोयम, पूर्वाटोला सरपंच बागड़े, टेकरी सरपंच किरमे जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी, समीपस्थ ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, अन्य जनप्रतिनिधि, अन्य विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहें।

## 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को समुद्र में फेंके जाने की यूएन ने शुरु की जांच

### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी बताया

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में सामने आए उन आरोपों की जांच शुरू कर दी है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि भारतीय नौसेना ने 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को अंडमान सागर में जबरन समुद्र में फेंक दिया। इन शरणार्थियों को दिल्ली से हिरासत में लिया गया था और म्यांमार की समुद्री सीमा के पास अंतरराष्ट्रीय जल में छोड़ दिया था। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर एक याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी बताते देते हुए सबूतों के अभाव में खारिज कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने 15 मई को एक बयान जारी कर कहा था कि वह इन अस्वीकार्य और अमानवीय कृत्यों की जांच के लिए विशेषज्ञ नियुक्त कर रहा है। म्यांमार में मानवाधिकार स्थिति पर यूएन के विशेष दूत ने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों को नौसेना के जहाजों से समुद्र में फेंकने का विचार पूरी तरह से अपमानजनक है। उन्होंने भारत सरकार से इस घटना का पूरा ब्योरा देने और रोहिंग्या शरणार्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार को रोकने की मांग की थी।

विशेष दूत ने कहा कि म्यांमार में रोहिंग्याओं को हिंसा, उत्पीड़न और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों का खतरा है, इसलिए उनकी जबरन वापसी अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांत नॉन-रिफाउलमेंट का उल्लंघन है। नॉन-रिफाउलमेंट अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक सिद्धांत है जो किसी व्यक्ति को उस देश में वापस भेजने से रोकता है जहां उसे उत्पीड़न, यातना या अन्य गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का खतरा है। यह सिद्धांत प्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना लागू होता है, चाहे कोई व्यक्ति शरणार्थी, शरण चाहने वाला या अन्य प्रवासी हो। मीडिया रिपोर्ट में यूएन के मुताबिक बताया गया है कि 6 मई को दिल्ली पुलिस ने 40 से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थियों को बायोमेट्रिक डेटा कलेक्ट करने के बहाने हिरासत में लिया। इनमें बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और कैंसर और मधुमेह से पीड़ित लोग शामिल थे। इन्हें दिल्ली के पुलिस स्टेशनों में 24 घंटे से ज्यादा समय तक रखा, फिर इंदरलोक डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट किया गया। इसके बाद उन्हें पोर्ट ब्लेयर ले जाया गया, जहां उनकी आंखों पर पट्टी बांधी और हाथ बांधकर नौसेना के जहाज पर ले जाया गया। जहाज ने अंडमान सागर पार करने के बाद शरणार्थियों को लाइफ जैकेट देकर समुद्र में फेंक दिया और उन्हें म्यांमार के एक द्वीप की ओर तैरने के लिए मजबूर कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अभी भी मौजूद कई रोहिंग्या शरणार्थियों ने दावा किया है कि उनके परिवार के सदस्य उन लोगों में शामिल थे जिन्हें 6 मई को भारतीय अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। एक शरणार्थी ने कहा कि मेरे माता-पिता को मुझसे छीन लिया और पानी में फेंक दिया...अगर मैं अपने माता-पिता से फिर से मिल जाऊं तो यह काफी होगा। मुझे बस अपने माता-पिता चाहिए, और कुछ नहीं। दिल्ली में रहने वाले दो रोहिंग्या शरणार्थियों द्वारा दायर एक रिट याचिका में दावा किया गया कि 43 शरणार्थियों को इस तरह से निर्वासित किया गया। याचिका में मांग की गई कि भारत सरकार इन शरणार्थियों को तुरंत दिल्ली वापस लाए और उनकी हिरासत से रिहा करे। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दावा किया कि इस प्रक्रिया में बच्चों को उनकी माताओं से अलग किया गया और परिवार बिखर गए। 16 मई को जस्टिस सूर्याकांत और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने इस याचिका पर शक जताया। जस्टिस सूर्याकांत ने याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी करार देते हुए कहा कि हर दिन आप एक नई कहानी लेकर आते हैं। इन आरोपों को साबित करने के लिए कोई ठोस मटेरियल नहीं है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि दिल्ली में बैठे याचिकाकर्ता को अंडमान तट से समुद्र में फेंके जाने की जानकारी कैसे मिली।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष :– 07632-358737 ई–मेल :–dpepiubalaghat@gmail.com

जेम/2025/बी/6205955 दिनांक 13.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/2025/B/6205955 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत 05 नग छात्रावास भवनों (दमोह, भण्डेरी, चिखलाबांध, बैहर एवं गढ़ी) में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य | बालाघाट | 216.40 | 650000.00 | ाासन अंतर्गत पंजीकृत निर्माता (OEM)/ प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 13.05.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 26.05.2025 समय शाम 7:00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी – 12955/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

# भारतीय सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

## भारत माता की जय और वंदे मातरम का गूंजा जयघोष, सर्वसमाज ने निकाली थी तिरंगा यात्रा






**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आज भारतीय सेना का पूरे देश में स्वागत और सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालाघाट में भी भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसकी रणनीति एक दिन पहले ही 16 मई को सर्व समाज द्वारा एक बैठक कर बना ली गई थी । 17 मई को शाम 6:00 बजे स्थानीय काली पुतली चौक से शहर के मेन रोड होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई ,जो हनुमान चौक पहुंचकर खत्म हुई , इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में सर्व समाज सहित अलग-अलग वर्ग के जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए, तो वहीं स्कूलीय बच्चों के साथ-साथ भारी पुलिस बल भी इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुआ, देशभक्ति गीतों पर कुछ पुलिसकर्मियों ने भी खुलकर थिरकते नजर आए और यात्रा के दौरान जगह-जगह सभी ने इस यात्रा पर अपने-अपने स्तर पर पुष्प वर्षा की , तो किसी ने शीतल जल पिलाकर इस यात्रा का स्वागत किया ।**

आपको बता दे कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से भारतीय सेना के जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाक समर्थित आतंकियो और उनके ठिकानों को नेस्तानाबूद करके, पाक को समझौते पर मजबूर कर दिया है, उससे उत्साहित देश के लोग, तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेना के जवानों की वीरता, शौर्य और पराक्रम का सम्मान कर रहे है। इसी कड़ी में 17 मई शनिवार को बालाघाट मुख्यालय में भी सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो सायंकाल 6 बजे काली पुतली चौक से प्रारंभ होकर राजघाट चौक, गुजरी चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, नावेल्टी हाउस चौक, नया सराफा होते हुए हनुमान चौक पहुंची। जहां पाक समर्थित आतंकवाद को खत्म करने के दौरान, जीवन का न्यौछावार करने वाले शहीद जवानों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में पुलिस जवानों ने, देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। हनुमान चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सेना ने, आतंकियों की कायराना हरकत पर जो जवाब दिया है। उससे पूरे विश्व ने देखा है। पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया, थाना प्रभारी विजय राजपूत, यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा सहित अन्य पुलिस बल साथ चलता रहा। इस तिरंगा रैली में भाजपा सांसद भारती पारधी, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, अनिल धुवारे, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर, अनुराग चतुरमोहता, युवा नेत्री मौसम हरिनखेड़े, सुरजीतसिंह ठाकुर, वरिष्ठ डॉ. बी.एम. शरणागत, सहित बडी संख्या में आम नागरिक, पुलिस जवान, पूर्व पुलिसकर्मी, हिन्दु संगठन पदाधिकारी मौजूद थे।

### पुलिसकर्मी का नृत्य रहा

### आकर्षण का केंद्र

स्थानीय काली पुतली चौक से जैसे ही तिरंगा यात्रा निकाली गई, उसके साथ-साथ इस तिरंगा यात्रा में पुलिसकर्मी भी हाथों में तिरंगा झंडा लिए सम्मिलित हुए थे, कुछ दूर बढ़ते ही पुलिस के एक अधिकारी ने देशभक्ति गीत पर थिरकना शुरू कर दिया, उनके साथ-साथ कुछ जनप्रतिनिधि भी पुलिस अधिकारी के साथ झूमते गाते नजर आए, जो इस तिरंगा यात्रा में आकर्षण का केंद्र बन गया , जिसे देखकर हर कोई भारत माता की जय के जय घोष लगाते हुए नजर आए ।

### भारी पुलिस बल रहा तैनात

पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से शहर के प्रमुख चौक चौराहों में शाम 4:00 बजे से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था, एवं जैसे ही यह तिरंगा यात्रा निकाली गई, उसके सामने सामने पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन के भी अधिकारी इस यात्रा के सामने सामने चलते हुए नजर आए ।

# एक युवक की पेड़ में संदिग्ध स्थिति में फांसी पर लटकी लाश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना के ग्राम पिपरझरी के आवास टोला में इसी ग्राम के युवक विजय पिता रमेश नेवारे 25 वर्ष की उसके घर से कुछ दूर पेड़ में संदिग्ध स्थिति में फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद की गई । 16मई की रात्रि 10:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह युवक मोबाइल से बात करते-करते अपने घर से निकला था। हट्टा पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। इस युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की या फिर उसकी गला घोट कर हत्या करने के बाद। लाश फांसी पर लटकाई गई अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरझरी में विजय नेवारे अपनी मां सुनीता के साथ में रहता था और मजदूरी करता था जिसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। एक बड़ा भाई अजय नेवारे है जिसकी शादी हो चुकी है और वह अपनी पत्नी के साथ उड़ीसा शिवपुरी में मजदूरी करने के लिए गया है। 16 मई की रात्रि 9:30 बजे करीब विजय नेवारे गांव से ही शादी से घर आया था और घर आने के बाद वह मोबाइल से किसी से बात करते करते हुए घर से निकला था। किंतु वह रात में घर वापस नहीं लौटा। रात्रि में विजय नेवारे को फोन भी। किया गया किंतु उसने फोन अटेंड नहीं किया।17 मई की सुबह 6:00 बजे करीब घर से कुछ दूर शासकीय कृषि फार्म के पास स्थित गूलर के पेड़ में विजय नेवारे की फांसी पर लटकी लाश पाई गई। विजय के गले में उसी का शर्ट बंधा हुआ था और उसके दोनों घुटने जमीन से टिके हुए और मुड़े हुए थे ।जिसकी सूचना मिलने पर हट्टा थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जिला मुख्यालय से एफ एस एल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। हट्टा पुलिस ने विजय नेवारे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात जिला अस्पताल बालाघाट में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये है विजय नेवारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की या फिर उसकी हत्या कर लाश फांसी पर लटकाई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हट्टा पुलिस ने धारा 194



भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत कायम कर जांच शुरू की है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा -थाना प्रभारी हट्टा अविनाश सिंह

हट्टा थाना प्रभारी अविनाश सिह राठौर ने दूरभाष पर पद्मेश न्यूज़ को बताये की प्रथम दृष्टि में विजय नेवारे के द्वारा सुसाइड करना प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### हत्या करने के बाद फांसी लगाई गई- देवी शंकर टेम्भरे ग्राम पिपरझरी

देवी शंकर टेम्भरे ग्राम पिपरझरी निवासी ने पद्मेश न्यूज़ को बताएं कि विजय कुमार नेवारे उम्र 27 वर्ष अविवाहित था। रात 9:30 से 10:00 बजे के बाद सुबह गायब था । उसके पास मोबाइल था। मोबाइल से संपर्क करने के बाद भी फोन अटेंड नहीं किया। सुबह 5:45 बजे शासकीय कृषि फार्म की बाउंड्री बाल किनारे गूलर के पेड़ में विजय नेवारे की बॉडी लटकी हुई पाई गई। जिसके परिवार में अकेली मां है, बड़ा भाई भाभी उड़ीसा मजदूरी करने गए हैं। श्री टेम्भरे ने बताया कि कोई घरेलू मामला नहीं था बाहरी मामला ही हो सकता है। जिस तरह से उसकी बॉडी लटकी हुई है उसे लगता है कि वह आत्महत्या नहीं है हत्या करने के बाद फांसी लगाई गई है।










जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)
विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट